दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 212
कोटद्वार मंगलवार
6 दिसम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार



खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com



**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये


## एसटीएच में डेंगू के चार संदिग्ध भर्ती

**हल्द्वानी।** तापमान में आ रही गिरावट के बावजूद डेंगू का डंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। हर दिन जांच में एक या दो मरीजों में डेंगू के लक्षण मिलने की पुष्टि हो रही है। वर्तमान में सुशीला तिवारी अस्पताल में डेंगू के चार संदिग्ध भर्ती हैं। इनके सैंपल एलाइजा जांच के लिए लैब भेजे गए हैं। सीएमओ ड. भागीरथी जोशी ने लोगों से डेंगू से बचाव के लिए अपने घर के आसपास साफ-सफाई रखने की अपील की है।

## चलती ट्रेन के आगे कूदा ग्रामीण, मौत

**ऋषिकेश।** ऋषिकेश हरिद्वार रेलवे ट्रैक पर श्यामपुर पुलिस चौकी के समीप योगा एक्सप्रेस अहमदाबाद से ऋषिकेश आ रही थी। इस ट्रेन के सामने कूदकर एक व्यक्ति ने जान दे दी। पुलिस मौके पर जांच कर रही है। सोमवार की दोपहर श्यामपुर पुलिस चौकी से कुछ आगे अहमदाबाद से ऋषिकेश आने वाली योगा एक्सप्रेस जैसे ही यहां पहुंची एक व्यक्ति अचानक ट्रेन के आगे कूद गया। रेल की चपेट में आने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के कारण रेल सेवा को कुछ देर के लिए यहां रोकना पड़ा। श्यामपुर पुलिस चौकी प्रभारी आदित्य सैनी ने बताया कि मृतक की पहचान विनोद भट्ट (40 वर्ष) पुत्र सत्य प्रकाश निवासी भल्ला फार्म श्यामपुर ऋषिकेश के रूप में हुई है।

यह हलवाई का काम करता था। रेलवे पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची, जो घटना की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

वहीं हल्द्वानी में पूर्व सैनिक की पत्नी को फोन पर अज्ञात महिला ने जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता का आरोप है कि फोन करने वाली महिला उसकी सामाजिक छवि को खराब करने की कोशिश कर रही है। मामले की शिकायत भोटियापड़ाव पुलिस चौकी में की, लेकिन उसकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया। आवास विकास निवासी अनिता अरोरा ने अब शिकायत एसएसपी को पत्र भेजकर मांग की है। उसका कहना है कि पति नौकरी के सिलसिले में बाहर रहते हैं और वह घर में अकेली बच्चों के साथ रहती है। महिला से उसे जान माल का खतरा है।

## भारत जोड़ो यात्रा का हर दिन लगातार पलक पांवड़े बिछाकर राजस्थान की जनता करेगी स्वागत : गहलोत

**झालावाड़ ,एजेंसी।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का प्रदेश में जोरदार स्वागत करते हुए कहा है कि प्रदेश की जनता हर दिन लगातार पलक पांवड़े बिछाकर इसका स्वागत करेगी। गहलोत भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान आगमन पर चंवली बर्डर पर स्वागत सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में तमाम लोग इस यात्रा का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

# आर्थिक अपराधियों पर कसेगा शिकंजाः पीएम

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्थिक अपराधियों का पता लगाने के लिए राजस्व अधिकारियों को नवीनतम तकनीक अपनाने पर जोर दिया है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के 65वें स्थापना दिवस के मौके पर अपने संदेश में मोदी ने कहा कि भगोड़े आर्थिक अपराधियों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में भारत हमेशा श्अग्रणीश रहा है।



पीएम मोदी ने कहा कि संगठित अपराध और सिंडिकेट की खुफिया जानकारी के साथ जांच और अभियोग में भारत हमेशा सहयोग करता आया है। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि श्जब समस्या वैश्विक है, तो समाधान भी वैश्विक होना चाहिए। फिनटेक और डिजिटल सिस्टम में नवीनतम रुझानों के साथ तालमेल बनाए रखना आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने एक लिखित संदेश में कहा कि मुझे यकीन है कि डीआरआई देश की अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए सबसे बेहतर प्रथाओं और प्रक्रियाओं को लगातार अपनाएगा। उन्होंने कहा कि डीआरआई के अधिकारियों को अमृत काल के अगले 25 वर्षों में एक सुरक्षित, आत्मनिर्भर भारत बनाने के हमारे संकल्प को मजबूत करने के लिए खुद को समर्पित करना चाहिए और योगदान देना चाहिए।

पीएम मोदी ने डीआरआई अधिकारियों के अथक प्रयासों की भी सराहना की, जिन्होंने वित्तीय धोखाधड़ी से निपटने और देश के आर्थिक हितों की रक्षा करने में मदद की है। आपको बता दें कि पिछले वित्त वर्ष (2021-22) में डीआरआई अधिकारियों ने 833 किलोग्राम सोना और 321 किलोग्राम कोकीन सहित अन्य वर्जित सामान जब्त किया है। समारोह को संबोधित करते राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अपने संदेश में कहा कि डीआरआई संवेदनशील सामानों से जुड़े मामलों की जांच में सहायक रहा है। इसने राष्ट्र की सुरक्षा, इसके नागरिकों की सुरक्षा और संवेदनशील तकनीक का प्रसार रोकने के भारत के प्रयास में बहुत योगदान दिया है।

# सत्र दो दिन में समाप्त कर नाकामियां छिपा रही सरकार : यशपाल आर्य

**हल्द्वानी।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य का कहना है कि सदन को विधानसभा परिचालन नियमावली और परंपराओं के अनुसार नहीं चलाया जा रहा है। जिसके चलते राज्य के ज्वलंत मुद्दों को विधायक सदन में नहीं उठा पा रहे हैं। आर्य ने कहा कि सदन में सवालों के जवाब देने से बचना दर्शाता है कि सरकार के पास अपने 8 माह के कार्यकाल में गिनाने लायक कोई उपलब्धि नहीं है। सत्र दो दिन में समाप्त कर सरकार अपनी नाकामियां छिपा रही है। यशपाल आर्य ने सोमवार को हल्द्वानी के मुखानी स्थित होटल में पत्रकार वार्ता की। कहा कि कांग्रेस पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि वो सदन में आक्रामक नहीं दिखी। जबकि, प्रदेश की आम जनता से जुड़ी हर समस्या को सदन में उठाने का पूरा प्रयास किया गया। विधायकों ने 619 प्रश्न लगाए थे। कांग्रेस के 19 विधायकों ने राज्य की ध्वस्त होती कानून व्यवस्था को लेकर सवाल किए। लेकिन, भाजपा सरकार को ये सब नहीं दिखाई दिया।

उसकी नजरों में सदन में हंगामा करना, व्यवधान उत्पन्न करना ही आक्रामकता है। आर्य ने कानून व्यवस्था को लेकर भी सरकार पर हमला किया। कहा कि लोगों में डर का माहौल है। विधायक आदेश चौहान को डराना-धमकाना, जसपुर में महिला की हत्या हो जाना, देहरादून में विपिन रावत हत्याकांड, अंकिता भंडारी मामले में वीआईपी का खुलासा न कर पाना, बिगड़ती कानून व्यवस्था के उदाहरण हैं। गृह विभाग के आंकड़ों का हवाला देते हुए नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि उत्तराखंड में 8 माह में 269 महिलाओं का अपहरण, 139 महिलाओं की हत्या, 554 महिलाओं से दुष्कर्म हुआ है। इसके अलावा रंगदारी, चोरी, डकैती जैसे मामले भी हुए हैं।


## आज एक घंटा उपवास करेंगे यशपाल आर्य

**हल्द्वानी।** हैड़ाखान मार्ग पर आवाजाही शुरू न करा पाने के विरोध में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य आज (मंगलवार) काठगोदाम-हैड़ाखान-साननी बैंड, सिमलिया बैंड मोटर मार्ग पर सुबह 930 बजे से 1 घंटे का उपवास करेंगे। आर्य का कहना है कि उक्त सड़क मार्ग बंद होने से हल्द्वानी-काठगोदाम-रीठा साहिब को जोड़ने वाली सड़क पूरी तरह से बंद हो चुकी है। जिससे करीब 200 गांव प्रभावित हुए हैं। लोगों को मजबूरी में पैदल और दोपहिया वाहनों के जरिए जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। जिम्मेदार विभागों और सरकार की तरफ से उनकी परेशानियों को नजरअंदाज किया जा रहा है।

**अवैध शराब मामले में पंजाब सरकार को फटकार**

# अब तक क्या किया बताएंः सुको

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने आज पंजाब सरकार को राज्य में अवैध शराब के बड़े पैमाने पर निर्माण और बिक्री पर फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि पंजाब में ड्रग्स और शराब की समस्या एक गंभीर मुद्दा है। कोर्ट ने सरकार से नाराजगी जताते हुए कहा कि पंजाब सरकार केवल दर्ज कर रही है और आगे की कार्रवाई कुछ नहीं कर रही है।



सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार के नशा विरोधी कार्यों की गति पर भी नाराजगी जताई। कोर्ट ने सरकार से अवैध शराब बनाने के खतरे को रोकने के लिए उठाए गए विशिष्ट कदमों की सूची भी बनाने को कही। कोर्ट ने इसके बाद सीमा सुरक्षा का भी मुद्दा उठाया। कोर्ट ने कहा कि पंजाब एक सीमावर्ती राज्य है और अगर कोई देश को खत्म करना चाहेगा, तो वह सीमाओं से इसकी शुरुआत करेगा।

कोर्ट ने आगे कहा कि जिस तरह पंजाब में नशे की समस्या बढ़ रही है, ऐसे तो युवा खत्म ही हो जाएंगे। नशे से लोग मर रहे। कोर्ट ने कहा कि पंजाब में हर गली में एक भट्टी हो गई है, अगर अवैध शराब पर रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले समय में यह घातक साबित हो सकता है।

पंजाब सरकार से सवाल करते हुए कोर्ट ने कहा कि अब तक जब्त किए गए पैसे किस जगह इस्तेमाल किए गए हैं ये बताएं। कोर्ट ने यह भी कहा कि सरकार को इस पैसे का इस्तेमाल नशा विरोधी अभियानों के लिए करना चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि अब तक 2 सालों में 34000 से

# स्वास्थ्य विभाग प्रत्येक नागरिक का हेल्थ आईडी बनाएं : स्वास्थ्य मंत्री

## शिक्षक को मिलेगी एक व्यक्ति को साक्षर करने की जिम्मेदारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने स्वास्थ्य विभाग को जनपद में प्रत्येक नागरिक की हैल्थ आईडी बनाने, प्रत्येक ब्लाक में चिकित्सकों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने, चिकित्सकों की सक्रिय व उपस्थिति नियमित सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य केंद्रों में बायोमेट्रिक प्रणाली और ऑनलाइन निगरानी व्यवस्था को बेहतर बनाने को कहा। उन्होंने वर्ष 2024-25 तक जनपद को टीबी मुक्त, एनिमिया मुक्त, एड्स की बीमारी से मुक्त, 1 लाख लोगों के आंख के ऑपरेशन का लक्ष्य पूर्ण करने, शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव करवाने, सिजेरियन माध्यम से किये जाने वाले प्रसव में कमी करने, सभी चिकित्सालयों में मानक के अनुरूप मूलभूत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने खंड शिक्षाधिकारियों को प्रत्येक अध्यापक को एक-एक व्यक्ति को अनिवार्य रूप से साक्षर करने की जिम्मेदारी देने को कहा। मंत्री ने उद्यान विभाग को जनपद में फलदार पौधो के 100 बाग लगवाने के लिए तेजी से कार्य करने और बाल विकास विभाग को शिफ्ट किये जाने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों को शीघ्रता से प्राथमिक विद्यालयों में शिफ्ट करने के निर्देश दिये।



कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक में निर्देश देते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत।

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा, उद्यान, कृषि, बाल विकास, पर्यटन, पशुपालन विभाग व अन्य विभागों के अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने आशा स्वास्थ्य कार्यकत्रियों को उनके कार्यों को और आसान बनाने के लिए टेबलेट उपलब्ध कराने, पुराने एम्बुलेंस वाहनों और किसी भी प्रकार के चिकित्सा संबंधित उपकरणों को ऑक्शन करते हुए क्रियाशील हालात में और आवश्यकता के अनुरूप ही विभिन्न प्रकार के संसाधनों को बनाये रखने के निर्देश दिये। मंत्री ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को अगले 10 दिवस के भीतर सभी विद्यालयों में दिव्यांग फ्रैंडली वातावरण की उपलब्धता, बालक-बालिकाओं के लिए पृथक-पृथक शौचालय, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, फर्नीचर तथा सुरक्षा इत्यादि से संबंधित मूलभूत सुविधाओं के संबंध में निर्धारित प्रपत्र में सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न विद्यालयों में निर्माण कायी के संबंध में ग्रामीण निर्माण विभाग (आरडब्लूडी) के समन्वय से जिस विद्यालय में मानक के अनुरूप समुचित व्यवस्थाएं उपलब्ध है उसे ए श्रेणी, जहां पर अधिकत 2 लाख रूपये तक के छोटे-मोटे कार्य किये जाने हैं उन विद्यालयों को बी श्रेणी, जहां पर 5 लाख तक के कार्य होने हैं उसे सी श्रेणी तथा जहां पर नया भवन या कोई बड़ा निर्माण कार्य किया जाना है उसे डी श्रेणी प्रदान किये जाने हेतु सभी 15 ब्लाकों का विवरण 26 जनवरी तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। कैबिनेट मंत्री ने श्रीनगर में धारी देवी मंदिर के पास लोक महोत्सव का आयोजन करने एवं श्रीनगर से देवप्रयाग तक मार्च माह में रिवर राफ्टिंग करवाने की दिशा में पर्यटन विभाग को तैयारी करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान, मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे, अपर निदेशक माध्यमिक महाबीर बिष्ट, अपर निदेशक प्रारम्भिक बीरेंद्र सिंह रावत, एएसपी अनूप काला, जिला विकास अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# शादी से लौट रहे परिवार की कार खाई में गिरी, दो की मौत

## सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग कुल्हाड़-बैरगांव गांव के समीप हुआ हादसा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** नजीबाबाद बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग कुल्हाड़-बैरगांव के समीप एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। दुर्घटना में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल अन्य लोगों को उपचार के लिए सतपुली स्थित हंस अस्पताल पहुंचाया गया है। परिवार प्रखंड एकेश्वर के ग्राम तछवाड़ में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद वापस कोटद्वार लौट रहा था।

घटना सोमवार दोपहर की है। प्रभारी तहसीलदार सुधा डोभाल ने बताया कि कोटद्वार लालपुर निवासी दलबीर सिंह तछवाड़ में शादी समारोह में शामिल होने के बाद अपने परिवार के साथ वापस कोटद्वार लौट रहे थे। कार में उनके साथ उनका भतीजा सुरजीत, बहु प्रीति, पोता अर्पित, पोती वामिका व एक अन्य रिश्तेदार ग्राम रणस्वा निवासी बेलमती देवी मौजूद थी। इसी दौरान जैसे ही कार कुल्हाड़-बैरगांव के समीप पहुंची वह अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची राजस्व, एसडीआरएफ व पुलिस टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर घायलों को खाई से बाहर निकाला।



नजीबाबाद बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग कुल्हाड़-बैरगांव के समीप दुर्घटना के बाद रेस्क्यू चलाती टीम।

बताया कि दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल प्रीति (30 वर्ष)पत्नी अनूप पटवाल व बेलवती देवी (70वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, वाहन चालक घायल दलबीर सिंह (60वर्ष) पुत्र बलवीर, सुरजीत (25वर्ष) पुत्र राम सिंह, अर्पित (06 वर्ष) पुत्र अनूप व वामिका (09वर्ष) पुत्री अनूप को 108 की मदद से सतपुली स्थित हंस अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि यह परिवार प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तछवाड़ में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने के बाद वापस कोटद्वार लौट रहा था। दलवीर सिंह का पुत्र अनूप अपनी बाइक में कार के पीछे ही आ रहा था। दुर्घटना में अनूप की पत्नी प्रीति की भी मौत हो गई है। जबकि, उनकी बेटी व बेटे को चोट आई हुई है।

# नेपाल से हुए पथराव के विरोध में भारतीयों ने बंद कराया झूला पुल

**धारचूला(पिथौरागढ़)।** व्यापारियों ने पुल पर पहुंचकर एसएसबी को पुल के गेट नहीं खोलने दिए। पुल बन्द की सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी पुल पर पहुंचे और नाराज व्यापारियों को समझाया। पिथौरागढ़ से अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान भी सोमवार को धारचूला पहुंचे और अपर जिलाधिकारी धारचूला के संयुक्त मजिस्ट्रेट के साथ नेपाल के अधिकारियों से वार्ता करने के लिए दार्चुला जिला मुख्यालय गए।

धारचूला में रविवार को नेपाल की ओर से किए गए पथराव में एक मजदूर के घायल होने की घटना से लोगों में नाराजगी है। नेपाल की ओर से लगातार किए जा रहे पथराव के विरोध में सोमवार को भारतीयों ने अंतरराष्ट्रीय झूला पुल बंद करा दिया इससे लगभग 1घंटा 40 मिनट तक दोनों देशों के बीच आवाजाही बंद रही।

सोमवार को धारचूला व्यापार मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र थापा के नेतृत्व में कई व्यापारियों ने सुबह 7 बजे पुल पर पहुंचकर एसएसबी को पुल के गेट नहीं खोलने दिए। पुल बंद की सूचना



मिलने पर उपजिलाधिकारी दिवेश शाशनी पुल पर पहुंचे और नाराज व्यापारियों को समझाया।

व्यापार मंडल अध्यक्ष ने उपजिलाधिकारी से नेपाल की ओर से आये दिन पत्थरबाजी करने वाले पर दार्चुला प्रशासन से कानूनी मांग की। जिस पर उपजिलाधिकारी ने तीन दिन के भीतर इस मामले में उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। व्यापारियों ने लगभग 1 घंटे 40 मिनट के बाद पुल खोलने दिया। जिसके बाद पुल पर आवाजाही शुरू हो पाई। नेपाल की ओर से किए गए पथराव के बाद उत्पन्न तनाव को देखते हुए पिथौरागढ़ से अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान भी सोमवार को धारचूला पहुंचे। अपर जिलाधिकारी धारचूला के संयुक्त मजिस्ट्रेट दिवेश शाशनी के साथ नेपाल के अधिकारियों से वार्ता करने के लिए दार्चुला जिला मुख्यालय गए हैं।

# कांग्रेस समेत कई दलों के नेता भाजपा में शामिल

**देहरादून ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दावा किया कि बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं के शामिल होने बाद 178 और कांग्रेसियों के नामों की सूची पार्टी के पास है। जल्द उन्हें भी पार्टी की सदस्यता दिलाई जाएगी। वहीं सीएम ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसा संगठन है, जो सबको साथ लेकर चलने में सक्षम है।

लोकसभा चुनाव से पहले हरिद्वार संसदीय क्षेत्र में भाजपा ने कांग्रेस और अन्य दलों में सेंध लगाने के अभियान के तहत रविवार को कई पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सीएम पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और हरिद्वार सांसद ड. रमेश पोखरियाल निशंक शामिल हुए।इस मौके पर सीएम ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसा संगठन है, जो सबको साथ लेकर चलने में सक्षम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज विकास की नई ऊंचाइयों को टू रहा है। मोदी सरकार की नीतियों और योजनाओं से प्रभावित होकर पूरा देश भाजपामय हो रहा है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दावा किया कि बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं के शामिल होने बाद 178 और कांग्रेसियों के नामों की सूची पार्टी के पास है। जल्द उन्हें भी पार्टी की सदस्यता दिलाई जाएगी। हरिद्वार के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतपाल ब्रह्मचारी के भाजपा के संपर्क होने की चर्चाओं पर भट्ट ने चुटकी ली कि कई ब्रह्मचारी पार्टी के संपर्क में हैं। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि हर वर्ग, हर समाज का कल्याण ही हमारा मूल उद्देश्य है। हरिद्वार सांसद ड. निशंक ने कहा कि आप सभी



के आने से संगठन को भी मजबूती मिलेगी एवं हम आने वाले निगम और लोस चुनाव में पंचायत चुनाव के परिणामों को दोहराएंगे। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बिष्ट, हरिद्वार जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी आदि मौजूद थे।कांग्रेस के पूर्व संगठन सचिव धर्मपाल सिंह, नगर निगम पार्षद अनुज सिंह, जिला महामंत्री व्यापार मंडल राजन मेहता, जिला महासचिव युवा कांग्रेस शुभम भारद्वाज, कुंवर बाली, सरदार भूपेंद्र सती, पूर्व सभासद नरेंद्र अग्रवाल, राजकुमारी पूर्व सभासद, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राव गुड्डू, नगर पंचायत झबरेड़ा के सभासद इंद्रेश मोती, पवन प्रधान, किशनपाल, नेपाल सिंह आदि।

# पहाड़ी क्षेत्र में माल्टा के समर्थन मूल्य के प्रति सरकार मौन



रुद्रप्रयाग : पहाड़ी क्षेत्र में माल्टा के समर्थन मूल्य के प्रति सरकार मौन बैठी है। जबकि किसान लगातार माल्टा के समर्थन मूल्य बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। किसानों की माल्टा की फसल बेहतर विपणन व्यवस्था न होने से खराब हो रही है जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

उत्तराखंड में हिमाचल की तर्ज पर माल्टा और अन्य फलों की बिक्री के दावे जरूर किए जाते हैं किंतु आज तक किसानों को अच्छा समर्थन मूल्य नहीं मिला है। वर्तमान में सी ग्रेड के माल्टे का समर्थन मूल्य 8 रुपया है जबकि इसके बढ़ाने के लिए किसान लगातार मांग कर रहे हैं। किसान नरेंद्र सिंह कंडारी ने कहा कि उनके खेतों में बड़ी मात्रा में माल्टा तैयार हैं किंतु न तो बेहतर समर्थन मूल्य है और न ही विपणन की व्यवस्था है जिससे आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि हिमाचल में सरकार सी ग्रेड का सेब खरीदती है, जबकि यहां किसान भी जागरूक है। और उन्हें विपणन की अच्छी जानकारी है, किंतु उत्तराखंड में ए, बी और सी ग्रेड के माल्टा के विपणन के प्रति सरकार कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं कर रही है। यहां किसान विपणन से अनभिज्ञ है उसे अभी तक ग्रेड का पता तक नही है। उन्होंने कहा कि अभी तक ब्लॉक, न्याय पंचायत मुख्यालयों में बनाए गए संग्रहण केन्द्रों के माध्यम से सी ग्रेड का थोड़ा ही माल्टा खरीदा जाता है। उन्होंने सरकार से शीघ्र माल्टा के समर्थन मूल्य घोषित करने और किसानों को माल्टे के विपणन की बेहतर व्यवस्था मुहैया कराने की मांग की है। इधर, जिला उद्यान अधिकारी योगेंद्र चौधरी ने बताया कि समर्थन मूल्य सरकार के स्तर से ही घोषित किया जाता है विभागीय स्तर पर इस मामले में कोई व्यवस्था नही है। केंद्रों में किसानों से माल्टा खरीदने की व्यवस्था सतत चल रही है। (एजेंसी)

## चोरों ने बनाया बंद घर को निशाना

विकासनगर। सहसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाया है। चोरों ने बंद घर के ताले तोड़कर लाखों रुपये के सोने–चांदी के आभूषण चुराकर ले गये। बंद घर के मालिक की तहरीर पर सहसपुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। सचिन कोटनाला पुत्र ज्ञान सिंह, निवासी टिकरी पोस्ट बडवा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार रात को पारिवारिक शादी की रस्म में गये थे। इस दौरान रात को घर में चोरों ने गेट और घर के ताले तोड़कर घर में सोने–चांदी के जेवरात जिनमें गले का हार, मंगल सूत्र, सोने की चेन, कान के झुमके व बाली सहित करीब एक लाख रुपये की नगदी चुरा ली। थानाध्यक्ष गिरीश नेगी ने बताया कि चोरी का मामला दर्ज करने के बाद पुलिस की अलग–अलग टीमें गठित कर दी हैं।

# विज्ञान महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों से डीएम ने किया संवाद

रुद्रप्रयाग : जनपद में शिक्षा के साथ नवाचार एवं रचनात्मकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ जिलाधिकारी मयूर दीक्षित द्वारा संवाद किया गया। इस मौके पर चंपावत में होने वाली राज्य स्तरीय बाल विज्ञान महोत्सव में अव्वल रहे छात्र–छात्राओं को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने अव्वल रहे सभी छात्र–छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। छात्र-छात्राओं ने जिलाधिकारी के सम्मुख अपने प्रोजेक्ट की प्रस्तुति दी जबकि छात्र–छात्राओं का मार्गदर्शन करने वाले शिक्षक–शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया। उन्होंने सभी छात्रों की प्रशंसा की और भविष्य में और भी बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि नवाचार में हर संभव मदद दी जाएगी। अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रप्रयाग में 12वीं कक्षा के छात्र शुभम काला ने स्वनिर्मित ड्रोन को उड़ाकर जिलाधिकारी सहित शिक्षा विभाग व अन्य अफसरों के सम्मुख प्रस्तुति दी। मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि विद्यालय, ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर पर हर वर्ष जिले के छात्र विज्ञान महोत्सव में प्रतिभाग करते आ रहे हैं। इस वर्ष राज्य स्तर पर जिले के 32 छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया था जिसमें से अलग–अलग वर्गों में 8 टीमों ने अपना स्थान बनाया। सम्मानित होने वाले छात्र–छात्राओं में शुभम काला अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रप्रयाग, मयंक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय छिनका, तनवी, स्नेहा, दीक्षा, अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज ऊखीमठ, प्रखर रावत, ख्याति सेमवाल, कृष पंवार, अनूप नेगी मैमोरियल पब्लिक स्कूल रुद्रप्रयाग, शिवानी बर्त्वाल राजकीय इंटर कॉलेज कमसाल, अराध्य भट्ट अनूप नेगी मैमोरियल पब्लिक स्कूल रुद्रप्रयाग शामिल रहे। जबकि जिला समन्वयक महावीर सिंह, लक्ष्मी रावत, रविंद्र पंवार, दिनेश चंद्र थपलियाल, शांति गुसांई, विमल नेगी को भी सम्मानित किया गया। (एजेंसी)

## धूमधाम से मनाया स्कूल का वार्षिकोत्सव

विकासनगर। दून हेरिटेज स्कूल भाऊवाला में सोमवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्स में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 11 महिलाओं को सम्मानित किया गया। जबकि छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की अनुपम छटा बिखेरी।

# यूओयू कुलपति प्रो. ओमप्रकाश नेगी ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट



देहरादून। राज्यपाल लेफ़्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर ओमप्रकाश नेगी ने शिष्टाचार भेंट की। कुलपति प्रो. नेगी द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय को दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार 2021 से सम्मानित किया गया।

राज्यपाल ने उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति व उनकी पूरी टीम को इस उपलब्धि हेतु बधाई व शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि यह उत्तराखण्ड के लिए गौरव की बात है कि देश के 890 शैक्षिक संस्थानों व विश्वविद्यालयों में से उत्तर-खण्ड मुक्त विश्वविद्यालय को पुनर्वास पेशेवरों के विकास (विशेष शिक्षकों को तैयार करने) हेतु चुना गया है। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय से अपेक्षा की है कि भविष्य में दिव्यांगजनों हेतु इस दिशा में और अधिक व्यापक स्तर पर कार्य होंगे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओमप्रकाश सिंह नेगी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि यह पुरस्कार विश्वविद्यालय द्वारा दिव्यांगजनों के लिए पुनर्वास पेशेवरों को तैयार किए जाने व विभिन्न कार्यशालाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों की समस्याओं को निराकरण हेतु दिया गया है।

## वेतन नहीं मिलने पर संविदा कर्मचारियों ने जताई नाराजगी

देहरादून। सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) ने एफआ-रआई में संविदा कर्मचारियों को कई महीनों से वेतन नहीं देने पर नाराजगी जताई है। एफआरआई प्रशासन से वेतन शीघ्र जारी करने की मांग की।

सीटू के प्रांतीय सचिव लेखराज ने बताया कि एफआ-रआई में संविदा कर्मचारियों को तीन–चार महीने से वेतन नहीं मिल पाया है। एफआरआई प्रशासन के आश्वासन के बाद भी कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं किया गया। वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों के समक्ष आर्थिक संकट आ गया है। आरोप लगाया कि एफआरआई के कुछ विभागों में तो वेतन दिया गया है, किंतु सीटू से जुड़े कर्मचारियों को नहीं दिया गया।

# जौनसार बावर के सेब उत्पादक प्रशिक्षण लेने हिमाचल हुए रवाना

विकासनगर। न्यू कैंट रोड स्थित कैंप कार्यालय में कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने उद्यान विभाग में संचालित जिला योजनान्तर्गत चकराता, कालसी और सहसपुर के सेब उत्पादक किसानों के 30 सदस्यीय दल को सेब पौधरोपण, काटाई–छटाई, उर्वरक खाद, उन्नत पैदावार तथा फल तुड़ाई उपरान्त प्रबन्धन आदि विषय पर 03 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु डॉ. वाईएस परमार यूनिवर्सिटी ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री नौणी सोलन हिमाचल प्रदेश के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सोमवार को दल को रवाना करते हुए काबीना मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय सेब के पौधों की कटाई छटाई एवं पौधो को उर्वक खाद आदि दिये जाने का उपयुक्त समय है। फलस्वरूप किसानों को प्रयोगात्मक प्रशिक्षण भी मिलेगा। इसके साथ ही प्रशिक्षणार्थी उक्त प्रशिक्षण संस्थान से सेब उत्पादन हेतु नवीन तकनीकी की जानकारी प्राप्त कर स्वयं भी लाभ उठाएंगे और अन्य किसानों को भी इसकी जानकारी देंगे। जिससे कि सेब उत्पादकता में वृद्धि हो सके। भविष्य में इसी प्रकार से किसानों को प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु समय–समय पर भेजा जाएगा। मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है, कि जब राज्य 25 वर्ष का होगा तो हम सेब के उत्पादन को दुगना करेंगे। इसके लिए किसानों को प्रशिक्षण देना जरूरी है। उन्होंने कहा यह दल जब हिमाचल से प्रशिक्षण प्राप्त कर लोटेगा तो यह प्रदेश के अन्य किसानों को प्रशिक्षण देंगे। जिससे सेब उत्पादन को दो गुना करने का संकल्प सार्थक होगा। इस दौरान उद्यान निदेशक एचएस बावेजा, मुख्य उद्यान अधिकारी डॉ. मीनाक्षी जोशी आदि मौजूद रहे।

## निशुल्क भर्ती पूर्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

देहरादून। जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी ले0 कर्नल सी0बी0एस0 बिष्ट ने अवगत कराया है कि गढ़वाल मंडल के भूतपूर्व सैनिकों के पुत्रों को सेना/नौ सेना/ वायुसेना एवं पुलिस में भर्ती हेतु दिनांक 19 दिसम्बर 2022 से 56 दिनों का निशुल्क भर्ती पूर्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, देहरादून द्वारा किया जायेगा। जनपद देहरादून के प्रशिक्षणार्थियों का चयन 15 दिसम्बर से 18 दिसम्बर 2022 तक भर्ती पूर्व प्रशिक्षण शिविर राज्य सैनिक विश्राम गृह 15 सी कालिदास मार्ग, हाथीबड़कला, देहरादून में किया जायेगा, शेष जनपदों का चयन सम्बंधित सैनिक कल्याण में किया जायेगा। प्रशिक्षण के लिए आयु 17 1/2 से 21 वर्ष, शैक्षिक योग्यता मैट्रिक पास ( 45 प्रतिशत अकों से ) है ( भारतीय मूल के गोरखा हेतू केवल 10वीं पास ) है।

## एक नजर

### मां अनसूया देवी मंदिर में आज से शुरू होगा मेला

चमोली : मां अनसूया देवी के मंदिर में आयोजित होने वाला धार्मिक अनुष्ठान मेला मंगलवार को दत्तात्रेय प्रकाट्य दिवस (दत्त-त्रेय जयंती) से शुरू होगा। मेले में विभिन्न गांवों से देवियों की डोलियां पहुंचेंगी। आस्थावानों, श्रद्धालुओं का विश्वास है कि इस दरबार में आकर कोई निराश नहीं लौटता। मान्यता के अनुसार अनसूया मंदिर ऐसा हिमालयी धाम है जहां मां के आगे कोई सच्चे मन से अपनी झोली फैलाए तो उसकी मुराद अवश्य पूरी होती है। चमोली जिले के अनसूया नाम से ही प्रसिद्ध अनसूया मंदिर में दत्तात्रेय जयंती 6 दिसंबर से 7 दिसंबर तक पवित्र धर्म अनुष्ठान उत्सव आयोजित हो रहा है। जहां न सिर्फ लोग बल्कि देवियों की डोलियां भी मां अनसूया के दर्शन के लिए पहुंचेंगी। (एजेंसी)

### स्नेहा तड़ियाल ने जीता सिवर पदक

चमोली : पुणे महाराष्ट्र में आयोजित 13 वीं विश्व सीनियर कुराश चैंपियशनशिप में चमोली पुलिस में कार्यरत स्नेहा तड़ियाल ने सिल्वर पदक जीतकर चमोली पुलिस और राज्य का नाम रोशन किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 60 देशों के लगभग 600 से अधिक पुरुष/महिला खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। चमोली पुलिस में कार्यरत महिला उपनिरीक्षक स्नेहा तड़ियाल ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए 87 किलो से अधिक भार वर्ग में रजत पदक जीता।

### रामसावाला में हुई गन्ना तौल केंद्र की शुरुआत

विकासनगर। सहसपुर ब्लॉक के रामसावाला में सोमवार को गन्ना तौल केंद्र की शुरुआत की गई। तौल केंद्र की शुरुआत करते हुए विधायक सहदेव पुंडीर ने कहा कि क्षेत्र के सभी किसानों का गन्ना चीनी मिल तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए ब्लॉक क्षेत्र में कई तौल केंद्र खोले जाएंगे, जिससे समय पर गन्ना तौल हो सके। विधायक ने कहा कि किसान अक्सर पछुवादून से समय पर गन्ना डोईवाला चीनी मिल में नहीं पहुंचने की शिकायत करते हैं।

# महिला लघु व्यापारियों को सौंपी दुकानों की चाबी



हरिद्वार। नगर निगम प्रशासन द्वारा फेरी समिति के निर्णय के अनुसार रोड़ी बेलवाला में विकसित किए गए महिला पिंक वेंडिंग जोन के अंतिम चरण की आवंटन प्रक्रिया के तहत पिंक वेंडिंग जोन विकसित कर रही कंपनी किरण सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस के मैनेजर शैलेंद्र पांडेय द्वारा सभी लाभार्थी महिलाओं को दुकानों की चाबी सौप कर अधिकृत किया। महिला पिंक वेंडिंग जोन की सभी लाभार्थी महिलाओं ने नगर निगम प्रशासन से बाजार में व्यापार संचालन के साथ बिजली, पानी, शौचालय, साफ सफाई, सीसीटीवी, कैमरे इत्यादि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की मांग की। इस अवसर पर लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा कि रोड़ी बेलवाला में स्थापित पिंक वेंडिंग जोन देश का पहला पिंक वेंडिंग जोन है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान कर उनका सशक्तिकरण करने के लिए सरकार बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलकर महिला पिंक वेंडिंग जोन के उद्घाटन व लोकार्पण के साथ पिंक वेंडिंग जोन की सभी लाभार्थी महिलाओं को अनुदान राशि दिए जाने की मांग को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

## ऊर्जा निगम के एसई से मोहनपुर डिवीजन की समस्याएं दूर करने की मांग

देहरादून। आरकेडिया ग्रांट के निवासियों ने ऊर्जा निगम के अधीक्षण अभियंता ग्रामीण गौरव शर्मा को ज्ञापन देकर संविदा कर्मचारियों व अन्य समस्याओं को दूर करने की मांग की है। एसई ने समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए ईई मोहनपुर डिवीजन मोहन मित्तल निर्देश दिए हैं। पर्यावरण जन कल्याण विकास मंच की अध्यक्ष व पूर्व उप प्रधान गीता बिष्ट ने बताया कि संविदा व ठेकेदार के माध्यम से लाइनमैनों से आठ घंटे से भी अधिक अवधित काम कराया जा रहा है। जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्हें काम के दौरान सुरक्षा उपकरण नहीं दिए जाते। ज्ञापन में मोहनपुर बिलिंग सेंटर में महिलाओं व वरिष्ठ नागरिकों के बैठने की उचित व्यवस्था न होने, सीसीटीवी कैमरे लगवाने, पूर्व की तरह स्वैम मशीन लगाए जाने, मोहनपुर, स्मिथनगर, राघव विहार, श्यामपुर, बनियावाला, पीताम्बरपुर में लम्बे स्पैन वाली केबिलों में तत्काल पोल लगवाने, ईई, एसडीओ, जेई को सुबह दस से दोपहर एक बजे तक कार्यालय में बैठने के आदेश देने की मांग की गई है।

# 25 हजार का इनामी पूर्व ग्राम प्रधान चंडीगढ़ से गिरफ्तार

देहरादून। सरकारी नौकरी पर लगाने का लालच देकर लाखों रुपये की ठगी में पांच साल से फरार चल रहे आरोपी को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। गिरदेहरादून। सरकारी नौकरी पर लगाने का लालच देकर लाखों रुपये की ठगी में पांच साल से फरार चल रहे आरोपी को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी कुंजा बहादरपुर, हरिद्वार का पूर्व ग्राम प्रधान है। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पिछले पांच साल से वह वेश बदलकर अलग–अलग जगहों पर रहा। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने चार्ज संभालते ही इनामी अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाने का निर्देश दिया हुआ है। इसके तहत पिछले 15 दिनों में सात आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। एएसपी एसटीएफ चंद्रमोहन सिंह ने बताया कि अमर सिंह निवासी कुंजा बहादुरपुर जिला हरिद्वार का पूर्व ग्राम प्रधान था। ग्राम प्रधानी के दौरान ही उसने अपने प्रभुत्व का इस्तेमाल कर कई लोगों को झांसे में ले लिया।

लोगों को कॉलेज और हरिद्वार बीएचईएल में नौकरी लगाने को झांसे दिए। 2018 में रुड़की में केस दर्ज होने पर आरोपी फरार हो गया। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। एसटीएफ की टीम ने आरोपी को सोमवार को चंडीगढ़ के होटल गोल्डन जन्नत में दबिश देकर गिरफ्तार किया। उसे हरिद्वार लाकर जिला पुलिस को सौंपा गया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में दरोगा विपिन बहुगुणा और नरोत्तम बिष्ट शामिल रहे।

# डीजीपी के नाम से लोगों को ब्लैकमेल करने की कोशिश

देहरादून। उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने नाम से ट्रू कॉलर पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों को ब्लैमेल किया जा रहा है। प्रोफाइल पर डीजीपी की एक अन्य आईपीएस अधिकारी के मिलते वक्त की फोटो लगाई गई है। उत्तराखंड पुलिस को इसका पता लगा तो साइबर थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस ब्लैकमेल करने वाले की तलाश कर रही है। आलोक जैन निवासी मध्यप्रदेश ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन को एक दिसंबर को ईमेल किया। बताया कि उन्हें पिछले तीन चार दिन से एक नंबर से कॉल आ रही हैं। उस पर डीजीपी अशोक कुमार की फोटो लगी हुई और नाम भी उनका दर्ज है। फोन करने वाले खुद को डीजीपी बताकर ब्लैकमेल कर रकम मांग रहे हैं। पीड़ित को पता लगा कि यह फेक कॉल है। इनकी शिकायत में दिए नंबर की साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में जांच की। सोशल मीडिया इंटरवेंशन सेल ने पाया कि डीजीपी के नाम से लोगों को गलत तरीके से डराया जा रहा है। मामले में आईटी ऐक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। एएसपी एसटीएफ चंद्रमोहन सिंह ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। उधर, जिस नंबर से डीजीपी के नाम पर लोगों को डराकर रकम मांगी जा रही है वह नंबर रविवार शाम तक चल रहा था। उस पर घंटी गई।

## विद्यार्थियों को दी डेटा विश्लेषण की जानकारी

देहरादून। डीबीएस पीजी कालेज में सोमवार को छात्र–छात्राओं के लिए डेटा विश्लेषण व कैरियर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उन्हें डेटा विश्लेषण की बारीकियां बताई गईं। साथ ही इसमें कैरियर के बारे में भी बताया गया। कार्यशाला काया आयोजन सोशल साइंस एंड हयूमेनिटिज रिसर्च सेल और रेमिडियत एवं कॉम्पिटिटिव एग्जाम सेल व ब्रिलिका सर्विस की ओर से किया गया था। सेल की कोआर्डिनेटर डा. राजलक्ष्मी दत्ता ने बताया कि डेटा विश्लेषण में आज कैरियर की अपार संभावनाएं हैं। लगातार डेटा विश्लेषकों की डिमांड बढ़ती जा रही है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुआ जनसुनवाई कार्यक्रम



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में आज ऋषिपर्णा सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

जनसुनवाई में 116 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें अधिकतर शिकायतें भूमि से संबंधित रही इसके अतिरिक्त पेंशन, शस्त्र लाईसेंस, सेवायोजित करने, पेयजल बिल अधिक आने, बीमा कम्पनी द्वारा धोखाधड़ी, आपदा प्रभावित क्षेत्र सरखेत में राशन कार्ड, आधार कार्ड बनवाने, देहरादून से रायपुर–नथूवाला–गुल्लरघाटी बस सेवा शुरू करने से संबंधित प्राप्त हुई।जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियो को निर्देशित किया कि जनसुनवाई एवं ई–चैपाल में प्राप्त हो रही शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि ई–चैपाल में जिन विभागों से शिकायतें प्राप्त हुई थी उसके निस्तारण की आख्या मुख्य विकास अधिकारी को प्रेषित करना सुनिश्चित करें ऐसा न करने वाले विभागों पर नियमानुसार कार्यवाही अमल मे लाई जाएगी। उन्होंने शिकायत पटल को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में अब तक नगर निगम से संबंधित प्राप्त हुई शिकायतों के निस्तारण की स्थिति प्रेषित करने के भी निर्देश दिए।

जनसुनवाई में शाासकीय भूमि पर कब्जा करने की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने शासकीय भूमि को कब्जा मुक्त करने के साथ ही खुली पड़ी शासकीय भूमि पर तारबाड़ करने के भी निर्देश दिए।

# ऑटोमेटिक फिटनेस जांच के विरोध में परिवहन व्यवसायियों ने फूंका सरकार का पुतला



हरिद्वार। भारी माल वाहनों और यात्री वाहनों की ऑटोमेटिक फिटनेस जांच के सरकार के फैसले के विरोध में ट्रैवल्स व्यवसायियों ने विरोध प्रदर्शन कर सरकार का पुतला दहन किया और सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। ट्रैवल्स व्यवसायियों ने फैसले को वापस लिए जाने की मांग करते आंदोलन की चेतावनी भी दी।

परिवहन व्यवसायियों का कहना है कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने केंद्रीय मोटर यान नियम 1989 में संशोधन करते हुए सभी भारी माल वाहनों और भारी यात्री वाहनों की ऑटोमैटिक फिटनेस जांच एक अप्रैल 2023 से अनिवार्य करने का फैसला किया है। लेकिन उत्तराखंड सरकार 2022 में ही इसे लागू करने जा रही है। इसको लेकर ट्रैवल्स व्यवसायियों में रोष है। उत्तराखंड परिवहन महासंघ के आवाहन पर राजधानी देहरादून में विरोध प्रदर्शन के साथ पूरे प्रदेश में चक्का जाम किया गया था। मगर सरकार द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया गया। ऑटोमैटिक फिटनेस के नियम को अनिवार्य रूप से लागू करने के लिए प्रदेश में चार फिटनेस सेंटर बनाए जा रहे हैं। देहरादून और रुद्रपुर में बनने वाले ऑटोमैटिक फिटनेस सेंटर के लिए बजट जारी कर दिया गया है। हरिद्वार और हल्द्वानी में पीपीपी मोड में दो फिटनेस सेंटर बनाए जाने हैं।

जिसकी प्रक्रिया अभी चल रही है। परिवहन व्यवसायियों का कहना है कि फिटनेस सेंटर के अलावा सरकार द्वारा तालिबानी फरमान दिया जा रहा है कि 10 साल पूरे कर चुके वाहन सड़कों पर नहीं चलेंगे। इससे दलाली प्रथा शुरू हो जाएगी। यदि सरकार मांगे पूरी नहीं करती है तो अनिश्चितकालीन चक्का जाम और विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। विरोध प्रदर्शन, पुतला दहन और ज्ञापन प्रेषित करने वालों में सत्यनारायण शर्मा, इकबाल सिंह, सन्नी, रंजीत सिंह, संजय शर्मा, शमीम, सोमप्रकाश प्रधान, बंटी भाटिया सहित कई लोग शामिल रहे।

# मेले की तैयारियों पर जोर, विभागों को दिए निर्देश

## सिद्धबली मेले की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने ली बैठक , व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए विभागों को दिए निर्देश

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार।** श्री सिद्धबली मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने भी अपनी कमर कस ली है। नौ दिसंबर से शुरू होने वाले मेले में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए उपजिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। कहा कि मेले को लेकर प्रशासन की एक विशेष टीम भी गठित की जाएगी।

सोमवार को तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में श्री सिद्धबली मंदिर समिति के साथ ही नगर निगम, ऊर्जा निगम, वन विभाग व अन्य विभिन्न विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। उपजिलाधिकारी ने कहा कि तीन दिवसीय श्री सिद्धबली वार्षिक अनुष्ठान का शुभारंभ नौ दिसंबर से किया जाएगा। इस दौरान व्यवस्थाएं बेहतर बनी रहें इसके लिए सभी विभागों को जिम्मेदारी से कार्य करना होगा। उन्होंने नगर निगम को शहर के साथ ही सिद्धबली मंदिर को जाने वाले मार्ग पर सफाई व्यवस्था का ध्यान रखने के निर्देश दिए। कहा कि आमजन सड़क पर कूड़ा न डाले इसके लिए जगह–जगह कूड़ेदान लगाए।



कोटद्वार में श्री सिद्धबली मेले की तैयारियों को लेकर बैठक लेते उपजिलाधिकारी।

नगर निगम व ऊर्जा निगम मंदिर को जाने वाले मार्ग पर पर्याप्त लाइट की व्यवस्था कर लें। मेले के दौरान कानून व्यवस्था बनी रहें इसके लिए अतिरिक्त पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। चार पहिया वाहन व दोपहिया वाहनों को पार्क करने के लिए ग्रास्टनगंज के खाली मैदानी में व्यवस्था बनाई जाएगी। बैठक में मंदिर समिति के अध्यक्ष डा.जेपी ध्यानी ने बताया कि शाम पांच बजे से बदरीनाथ मार्ग टाटा के समीप से सिद्धबली बाबा की शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा में चालीस झंकियां शामिल होंगी। उन्होंने प्रशासन से मालवीय उद्यान, झंडाचौक, नजीबाबाद रोड स्थित टैक्सी स्टेंड व देवी रोड तिराहे को खाली करवाने की भी बात कही। कहा कि इन स्थानों पर झांकियों के स्वागत का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि शोभा यात्रा के दौरान यातायात के लिए बालासौड़ पदमपुर, डिग्री कालेज रोड को खोला जाएगा। यातायात पुलिस रूट डायवर्ट करने का पूरा ग्राफ तैयार करेगी। इस मौके पर तहसीलदार विकास अवस्थी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगमोहन रमोला, विवेक अग्रवाल, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## मशरूम उत्पादन की दी जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** रिखणीखाल स्थित भारत सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय में आयोजित हैंड्स आन ट्रेनिंग के अंतर्गत ग्राम सभा बयेला तल्ला के ग्रामीणों को मशरूम खेती संबंधी प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम का आरंभ करते हुए प्राचार्य प्रो. मनोज उप्रेती ने कहा कि मशरूम उत्पादन से लोग अपनी आर्थिकी मजबूत कर रहे हैं। नवाचार योजना के सहायक नोडल अधिकारी डा. मनोज नौटियाल ने कहा कि वर्तमान में मशरूम उत्पादन ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगारों के लिए आर्थिकी का जरिया बन सकता है, जिसके लिए बेरोजगारों को इसकी तकनीक सीखनी चाहिए।

तकनीक सीखकर इसका उत्पादन आरंभ कर देना चाहिए। इस दौरान नवीन सुन्द्रियाल, विवेक सुंन्द्रियाल और संजय सुंन्द्रियाल सहित सभी ग्रामीण और महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## ...भालू के हमले में व्यक्ति घायल

### सोमवार सुबह जंगल में घास लेने गया था व्यक्ति

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः पहाड़ी क्षेत्रों में जंगली जानवरों के हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। आए दिन पहाड़ी इलाको में जंगली जानवरों के हमले होने से ग्रामीण खौफजदा हैं। तहसील सतपुली के चौमासूगाड़ गांव में भालू के द्वारा घास लेने गए एक नेपाली मूल के व्यक्ति को घायल कर दिया ' घायल को 108 की मदद से हंस हॉस्पिटल सतपुली भेजा गया।

राजस्व उपनिरीक्षक वेद प्रकाश सिंह पटवाल ने बताया कि सुबह करीब साढ़े नौ बजे एक नेपाली मूल का व्यक्ति घास लेने चौमासूगाड़ के जंगलों में गया था। जहां भालू ने उस पर हमला कर उसे घायल कर दिया। बताया कि भालू के हमले में धीरू बडोला उम्र 54 वर्ष पुत्र विजय बडौदा घायल हो गया। जिसे इलाज हेतु के लिए 108 की मदद से हंस हॉस्पिटल सतपुली भेजा गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है घायल की स्थिति सामान्य है ।

## पुरस्कार के लिए चयन होने पर जताई खुशी

**कोटद्वारः** आर्य गिरधारी लाल महर्षि दयानंद ट्रस्ट के सदस्यों की ध्रुवपुर में आयोजित बैठक में भारतीय दलित साहित्य अकादमी मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. नन्दकिशोर ढ़ौंडियाल को डॉ. आम्बेडकर सहित्यश्री राष्ट्रीय सम्मान– 2022 हेतु चुने जाने पर हर्ष जताया है। यह सम्मान उन्हें 11 दिसम्बर 2022 को पंचशील नई दिल्ली में आयोजित होने वाले भारतीय दलित साहित्य अकादमी के 38 वें राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मेलन में अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर एस पी सुमनाक्षर व मुख्य अतिथियों के हाथों प्रदान किया जायेगा। इस दौरान पी एल खंतवाल, एस पी थपलियाल, चक्रधर शर्मा, चंद्रप्रकाश नैथानी, सुरेन्द्र लाल आर्य, शिव कुमार, विकास आर्य, आशीष कुमार, सतीश कुमार व मंजुल ढोंडियाल आदि थे ।

# अतिक्रमण के खिलाफ जागा निगम, जब्त किया सामान

◆शहर में अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम के चलाया अभियान

◆दुकान के बाहर सड़क पर सामान लगाने वाले व्यापारियों पर हुई कार्रवाई

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस की ओर से शुरू की गई जंग में नगर निगम ने भी अपना साथ देना शुरू कर दिया है। सोमवार को नगर निगम ने शहर की सड़क पर दुकान सजाने वाले व्यापारियों का सामान जब्त किया। इस दौरान व्यापारी व निगम कर्मियों के बीच छोटे–मोटी झड़प भी देखने को मिली।



कोटद्वार के नजीबाबाद रोड में दुकान के बाहर लगे सामान को जब्त करती निगम की टीम।

हालांकि निगम की सख्ती के आगे व्यापारियों की एक न चल सकी।

सोमवार को नगर आयुक्त किशन सिंह नेगी के नेतृत्व में अभियान की शुरूआत की गई। टीम ने गोखले मार्ग, स्टेशन रोड, झंडाचौक, नजीबाबाद रोड व पटेल मार्ग पर पहुंचकर अतिक्रणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की। सड़क पर उतरी टीम को देख व्यापारियों में अफरा–तफरी का माहौल बन गया है। रेहड़ी–ठेली वाले अपना सामान लेकर गलियों में भागने लगे। जबकि, दुकानदार सड़क पर लगे सामान को समेटकर उसे दुकान के भीतर रखने लगे। स्टेशन रोड व नजीबाबाद रोड में कुछ व्यापारियों ने निगम की कार्रवाई का विरोध भी किया। लेकिन, निगम की सख्ती के आगे उनकी एक न चल सकी। नगर आयुक्त किशन सिंह नेगी ने व्यापारियों को सड़क पर दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी। कहा कि सड़क पर फैले अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है।

अभियान के बाद नगर निगम जब्त किए गए सामान को ट्रेक्टर–ट्राली में भरकर नगर निगम परिसर में पहुंचा।

## पालीथिन पर भी दिखाई सख्ती

सोमवार को नगर निगम ने अतिक्रमण के साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक व पालीथिन के उपयोग पर भी सख्ती दिखाई। निगम ने पालीथीन का उपयोग कर रहे दस से अधिक सब्जी विक्रेताओं के चालान काटे। निगम की टीम ने आमजन से भी पालीथिन का उपयोग बंद करने की अपील की। कहा कि शहर को पालीथिन मुक्त बनाने के लिए आमजन को भी निगम का

## नॉन ओवन प्रॉलिप्रोपाईलीन बैग बनाने की यूनिट पर लगी रोक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जनपद को प्लाटिस्क मुक्त बनाए जाने के लिए तेजी से अभियान चलाया जा रहा है। जिले की धुमाकोट तहसील क्षेत्र में नॉन ओवन प्रॉलिप्रोपाईलीन बैग बनाए जाने की यूनिट के उत्पादन पर प्रशासन ने रोक लगा दी है।

जिलाधिकारी गढ़वाल डॉ. आशीष चौहान के जनपद को प्लास्टिक मुक्त बनाए जाने के दिशा-निर्देशों के क्रम में सोमवार को तहसील धुमाकोट के अंतर्गत देवभूमि इंडस्ट्री ग्राम चिनवाडी, तहसील धुमाकोट में नॉन ओवन पॉलिप्रोपाईलीन बैग बनाए जाने की यूनिट जो शासन की अधिसूचना के अनुसार प्रतिबंधित है, के उत्पादन पर रोक लगाई गई। साथ ही चालान की कार्यवाही तमिल की गई। टीम में तहसीलदार धुमाकोट यशवीर सिंह, राजस्व निरीक्षक रमेश चंद्र, राजस्व उप निरीक्षक पीएस चौहान सहित यूनिट स्वामी भी उपस्थित थे।

# बेहतर स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक



कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते सदस्य।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** राष्ट्रीय सेवा योजना जनपद पौड़ी गढ़वाल की पहल पर विमला कुंदन सेवाग्राम ट्रस्ट कोटद्वार व आधारशिला रक्तदान समूह कोटद्वार की ओर से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें आम जन को बेहतर स्वास्थ्य की जानकारी दी गई।

बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ईट राइट इंडिया मूवमेंट के जिला स्तरीय संवेदीकरण कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि फॉरगिवनैश सोसाइटी के डॉ० पवन शर्मा ,शिक्षाविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता भूमिका शर्मा, उत्तराखंड बाल संरक्षण आयोग के एडवोकेट कुलदीप भारद्वाज, बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य गिरिराज सिंह रावत, एन एस एस गढ़वाल मंडल के कार्यक्रम समन्वयक पुष्कर सिंह नेगी, आधारशिला रक्तदान समूह के संचालक दलजीत सिंह व राष्ट्रीय सेवा योजना जनपद पौड़ी के जिला समन्वयक परितोष रावत द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया गया। बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल के एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा स्वागत गीत, सरस्वती वंदना ,एनएसएस लक्ष्य गीत, गढ़वाली गीत और लोक नृत्यों की सुंदर प्रस्तुति दी गई। बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोटाढांक के प्रधानाचार्य एवं विमला कुंदन सेवाग्राम ट्रस्ट के अध्यक्ष गिरिराज सिंह रावत ने कहा कि परंपरागत जीवनशैली अपनाकर ही हम स्वयं को स्वस्थ रख सकते हैं। कार्यशाला में राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार के चिकित्सक डॉक्टर इमरान व फार्मासिस्ट देवेश द्वारा सीपीआर प्रसिद्ध का प्रशिक्षण देकर देते हुए बताया गया कि गलत खानपान से लोग हृदय संबंधी रोगों की चपेट में आ जा जा रहे हैं और सीपीआर तकनीक अपनाकर हम हृदयाघात से कई लोगों की जान बचा सकते हैं। उत्तराखंड बाल संरक्षण आयोग एडवोकेट कुलदीप भारद्वाज ने वर्तमान समय में समाज में बढ़ती जा रही यौन शोषण से होने वाली घटनाओं से संबंधित पोक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं की जानकारी दी। इस मौके पर रमाकांत कुकरेती , गणेश प्रसाद बडोला, शंकर बहादुर, मुकेश रावत, हिमांशु द्विवेदी, अलका बिष्ट, रश्मि चौधरी आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं के हित में काम कर रही सरकारः सुनीता

## भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सुनीता बौड़ाई विद्यार्थी ने की पत्रकारों से वार्ता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सुनीता बोड़ाई विद्यार्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के हितों को लेकर कार्य कर रही है। महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जन–जन तक सरकार की योजनाएं पहुंचे इसके लिए कार्यकर्ता व पदाधिकारी प्रयास में जुटे हुए हैं। पहाड़ों में ग्रामीणों को हर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

सोमवार को कोटद्वार के भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रदेश प्रवक्ता ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। सरकारी की ओर से बनाई गई सभी योजनाएं भविष्य



कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करती भाजपा जिलाध्यक्ष सुनीता बौडाई विद्यार्थी।

में मील का पत्थर साबित होंगी। देवभूमि को धार्मांतरण से बचाने के लिए सरकार ने कुछ दिन पूर्व ही विधानसभा में विधेयक पास किया है।

अब जबरन धार्मांतरण करने वालों को दस वर्ष की सजा व आर्थिक दंड भी भुगतना होगा। कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए गौरा एप के साथ ही सभी थानों व कोतवाली में महिला शिकायत प्रकोष्ठ बनाए जा रहे हैं। महिलाओं को सामाजिक व आर्थिक रूप से मजबूत करने का प्रयास हो रहा है। इस मौके पर उत्तराखंड प्रकोष्ठ प्रभारी ऋषि कंडवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सौरभ नौडियाल, भाबर मंडल अध्यक्ष चंद्रमोहन जसोला आदि मौजूद रहे।

## 27 को होगा मां भगवती कालिंका मेला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : गढ़वाल और कुमाऊं की सीमा से सटे हुए दुसान क्षेत्र में विराजमान मां भगवती कालिंका का मेला 27 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। मान्यता है कि इस आराध्य देवी के मेले को 15 गांवों के बडियारी वंशज द्वारा किया जाता है। इसमें प्रवासी लोगों सहित दिल्ली, चंडीगढ़, आगरा, गुजरात, मुंबई, हरियाण अन्य राज्यों से श्रद्वालु अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए मां भगवती के दराबर में पंहुचते हैं। महाकाली मंदिर ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी अजीत बडियारी ने बताया कि 17वीं शताब्दी के मध्य बडियारी कुल के प्रथम व्यक्ति स्वः ललित बडियारी, लैली बूबा द्वारा दुनात क्षेत्र के मां भगवती कालिंका मंदिर की स्थापना की गई थी।

# निगम को मिला पॉलीथिन से भरा गोदाम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** शहर को पॉलीथिन मुक्त बाने के लिए नगर निगम ने सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है। सोमवार शाम पुलिस को जौनपुर में पॉलीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक से भरा एक गोदाम मिला । देर शाम तक निगम पॉलीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक की पेटियों की गिनती में जुटा हुआ थ।

केंद्र सरकार की ओर से पूरे देश में सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन पर रोक लगाई गई है। ऐसे में नगर निगम भी लगातार पॉलीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चला रहा है।

सोमवार देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि जौनपुर स्थित एक गोदाम में भारी मात्रा में पॉलीथिन व सिंगल यूज



कोटद्वार के जौनपुर में गोदाम में छापेमारी करती निगम की टीम

प्लास्टिक भरा हुआ है।

मौके पर पहुंची टीम ने गौदाम की तलाशी ली तो बड़ी-बड़ी पेटियों में भरी पॉलीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक बरामद हो गई। सफाई निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि पॉलीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ नगर निगम का अभियान जारी है। गोदाम को सीज करने की तैयारी की जा रही है।

## कैलश पांडे बने संरक्षक

**कोटद्वारः** लैंसडौन वन प्रभाग, भूमि संरक्षण वन प्रभाग की वन आरक्षी, वन बीट अधिकारी संघ की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। तिलवाढ़ांग स्थित कार्यालय में आयोजित विस्तारीकरण बैठक में कैलाश पांडे को संघ संरक्षक, सतेंद्र रावत व रितु नेगी को संगठन मंत्री, शिवम गिरि को संयुक्त सचिव, रश्मि खत्री को वरिष्ठ सलाहकार, उपेंद्र बड़थ्वाल को सलाहकार और कर्मवीर को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।

## देवप्रयाग पुल को लेकर सीएम से मिले विधायक कंडारी

**श्रीनगर गढ़वाल** : देवप्रयाग में बाह बीच बाजार में अलकनंदा नदी पर पुराने पुल पर आवाजाही के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबंध लग जाने से हो रही समस्या को देखते हुए देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पुल के बंद होने पर स्थानीय लोगों की समस्या से सीएम को अवगत कराते हुए नए पुल निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति दिलाए जाने का अनुरोध किया। विनोद कंडारी ने बताया कि सीएम ने वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि पूर्व में यूडीआरपी-एएफ देहरादून द्वारा पुल की स्वीकृति प्रदान की गई थी और भूमिधर को मुआवजा के रूप में 20 लाख की धनराशि भी दे दी गई थी। लेकिन कोरोना के कारण वित्तीय स्वीकृति प्रदान नहीं हो पाई थी। उन्होंने कहा कि सीएम के समक्ष उक्त समस्या रखकर देवप्रयाग बाह बीच बाजार में अलकनंदा नदी पर पुल की स्वीकृति प्रदान करते हुए कार्यक्रम निदेशक यूडीआरपी-एएफ देहरादून को निर्देशित करने का अनुरोध किया गया। उन्होंने कहा कि सीएम ने कार्यक्रम निदेशक यूडीआरपी-एएफ को निर्देशित करते हुए वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। (एजेंसी)

# जल्द निकलेगी लैक्चरों के पदों के लिए विज्ञप्ति : डॉ. रावत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने राजकीय इंटर कॉलेज पौड़ी में अटल टिंकरिक लैब का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर 77.96 लाख रूपये की धनराशि से राजकीय इंटर कॉलेज विकासखंड कोट में कम्प्यूटर कक्ष, आर्ट/क्राफ्ट कक्ष, विज्ञान प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय कक्ष, राजकीय इंटर कॉलेज कालेश्वर पौड़ी ब्लॉक में 36.52 लाख रूपये धनराशि से आर्ट/क्राफ्ट कक्ष एवं कम्प्यूटर कक्ष के निर्माण कार्यों का भी लोकार्पण किया।

जीआईसी पौड़ी में टिंकरिक लैब के उद्घाटन के अवसर पर काबीना मंत्री ने कहा कि इस तरह की लैब स्कूली बच्चों को चिप्पों को व्यावहारिक और प्रयोगत्मक तरीके से समझने में सहायक होती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लैक्चरों की कमी को दूर करने के लिए शीघ्र विज्ञप्ति निकाली जायेगी, तब तक गेस्ट फैकल्टी से कमी की पूर्ति की जायेगी। उन्होंने शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों का 15 दिवस की अवधि में टेस्ट लिया जाय तथा जो विद्यार्थी जिस विषय में कमजोर हैं उसको अतिरिक्त कक्षा लगाकर उसमें सुधार लाया जाय, ताकि परीक्षा परिणाम को और बेहतर किया जा सके। उन्होंने प्रत्येक ब्लॉक से कम-से-कम एक-एक मेधावी बच्चों को परीक्षा की टॉप मेरिट में स्थाने पाने के लिए भी विशेष प्रयास करने के निर्देश दिये। उन्होंने हर स्कूल में नशा उन्मूलन का व्यापक अभियान चलाने, प्रत्येक स्कूली बच्चों की निःशुल्क हैल्थ आईडी बनवाने के निर्देश दिये। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी, जिला पंचायत अध्यक्षा शांति देवी, जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान, अपर निदेशक माध्यमिक महाबीर बिष्ट, अपर निदेश प्रारम्भिक बीरेंद्र सिंह रावत सहित अन्य अधिकारी व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### उच्च शिक्षा मंत्री ने किया अटल टिंकरिक लैब का उदघाटन



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत।

# पिथौरागढ़ की टीम बनी चैंपियन, अव्वल प्रतिभागियों को किया सम्मानित

बागेश्वर : सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के अंतर महाविद्यालयी पुरुष वर्ग एथलेटिक्स का समापन हो गया है। प्रतियोगिता में पिथौरागढ़ की टीम चैंपियन बनी। इस दौरान अव्वल रहे प्रतियोगियों को मेडल देकर सम्मानित किया।

सोमवार को आयोजित मैराथन में पिथौरागढ़ के जगदीश भट्ट, बागेश्वर के धीरज कुंवर और द्वाराहाट के दिनेश चंद्र क्रमशः पहले तीन स्थानों पर रहे। जबकि हैमर प्रतियोगिता में बनबसा के मुन्ना सलमानी ने पहला, पिथौरागढ़ के दीपक सिंह ने दूसरा और नारायण नगर के जीवन सिंह धामी ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं, 500 मीटर दौड़ में पिथौरागढ़ के अंकित चंद भट्ट, अनमोल चंद और बनबसा के अरुण राना ने क्रमशः पहले, दूसरे, तीसरे स्थान पर रहे। 100 मीटर दौड़ में चम्पावत के आकाश दीप अव्वल रहे।

लोहाघाट के मोहित और पिथौरागढ़ के सूरज को दूसरा व स्थान मिला। 4 गुना 400 मीटर हर्टल में पिथौरागढ़ डिग्री कॉलेज पहले, रानीखेत दूसरे और लोहाघाट तीसरे स्थान पर रहे। 110 मीटर हर्टल पिथौरागढ़ के ललित, रानीखेत के धीरज सिंह और चौखुटिया के अर्जुन सिंह क्रमशः पहले तीन स्थानों पर रहे। इधर, जेवेलिन में पिथौरागढ़ के देवेंद्र चंद को पहला, लोहाघाट के दीपक कुमार को दूसरा स्थान मिला।

प्राचार्य डॉ. एसएस धपोला ने बताया कि पुरुष वर्ग की एथलेटिक्स का समापन हो गया है। आज यानी मंगलवार से महिला वर्ग की प्रतियोगिता शुरू होगी। यहां खेल प्रभारी डॉ. लियाकत अली, डॉ. मनोज टम्टा, डॉ. लक्ष्मण देव, गीता बृथवाल, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. महेश चंद्र, डॉ. आशा गोस्वामी, डॉ. राजेश प्रसाद, डॉ. वीरेंद्र, धर्मेंद्र बोरा, कमल गढ़िया रहे। (एजेंसी)

## 41 परिचालकों को मिली पदोन्नति

हल्द्वानी : परिवहन निगम के 41 परिचालकों को कनिष्ठ लिपिक पद पर पदोन्नति दी गई है। मंडलीय प्रबंधक ने आदेश जारी करते हुए सभी को एक सप्ताह के भीतर नई तैनाती स्थल पर तैनाती लेने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को मंडलीय प्रबंधक पूजा जोशी की ओर से जारी किए गए आदेश में रियाजुल इस्लाम, महेश चंद्र जोशी, छत्रपाल सिंह, सतीश लाल, ईश्वर सिंह, रामप्रकाश यादव, विजय पाल सिंह, सुरेंद्र कुमार, नवीन चंद्र बिष्ट, जीवन चंद्र, नंदन लाल, भारत प्रकाश, महेश चंद्र, राकेश कुमार, प्रताप सिंह, ललित मोहन सती, राजकुमार सिंह, जगदीश नेगी, जगदीश पुजारी, अनिल कुमार, सुरेंद्र सिंह, पूरन सिंह राणा, संतोष सिंह, नवनीत कपिल, कमल कुमार, गौरव साह, आनंद सिंह, गिरीश पांडेय, संजय कुमार, उमेश चंद्र, पूरन जोशी, गुलाम मोइन, नवीन सिंह, प्रकाश सिंह, मुकेश बुधानी, अशोक कुमार, मनोज बिष्ट, राकेश कुमार, श्याम सिंह साही को पदोन्नति दी है। साथ ही उन्होंने आदेश जारी किए हैं कि सेवाएं संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उन्हें बिना किसी पूर्व सूचना के पूर्व पद पर प्रत्यावर्तित किया जा सकता है। (एजेंसी)

## 56.79 लाख से होगी शौचालयों की मरम्मत

चम्पावत : जिले के रीठा साहिब, बस स्टेशन, शांत बाजार चम्पावत, टनकपुर बस और टैक्सी स्टैंड टनकपुर में अवस्थित शौचालयों की मरम्मत और उच्चीकरण के लिए वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। एडीएम हेमंत कुमार वर्मा ने बताया कि शासन की ओर से कार्यदायी संस्था सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन और तकनीकी समिति की ओर से परीक्षण के बाद 56.79 लाख की वित्तीय स्वीकृति मिली है।

# छात्रों को थिएटर के क्षेत्र में भविष्य बनाने को प्रेरित किया

हल्द्वानी : एमबीपीजी में थिएटर कार्यशाला सोमवार को भी जारी रही। प्रतिभागियों ने नोबेल पुरस्कार प्राप्त लेखक टीएस एलीयट की पुस्तक 'द वेस्ट लैंड और एमबीपीजी की प्राध्यापिका डॉ. प्रभा पंत की कविता 'एक छी गोपुलि पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। सात दिवसीय कार्यशाला के अंतिम दिन शक्ति आंसाम्बल संस्था की लक्षिका पांडेय के साथ कॉलेज के अंग्रेजी और हिंदी विभाग के छात्र-छात्राओं ने मिलकर शानदार प्रस्तुतियां दीं। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी ने रंगमंच की महत्ता पर प्रकाश डाला और छात्रों को थिएटर के क्षेत्र में भविष्य बनाने को प्रेरित किया। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. निलोफर अख्तर ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। 'एक छि गोपुलि कविता व आधुनिक कविता 'द वेस्टलैंड पर आधारित अंग्रेजी नाटक के जरिए प्रतिभागियों ने मानव की व्यथा, आंतरिक द्वंद, आधुनिक मानव जीवन की निरर्थकता एवं शून्यता को दर्शाया। विशेष रूप से द वेस्टलैंड की दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों ने सराहना की। कलाकारों में विशेष रूप से विकास जोशी, सार्थक, विकास बिष्ट, सुनिधि, प्रियंका, हर्षिता, अंजलि, चयनिका, मयंक, यशवंत, दीपक, कविता, सादिका, शफक, पूजा शामिल रहे। इस मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. बीआर पंत, डॉ. सीएस नेगी, डॉ. संजय खत्री, डॉ. महेश कुमार, डॉ. अनीता जोशी, डॉ. कविता पंत, डॉ. कविता पंत, किरन मिश्रा, दीक्षा, डॉ. अमित सचदेवा आदि रहे। (एजेंसी)

## अवैध शराब बेचने का लगाया आरोप

अल्मोड़ा : अल्मोड़ा निवासी हैदर अली खान ने एनटीडी क्षेत्र में पांच स्थानों पर खुलेआम अवैध शराब बिक्री का आरोप लगाया है। हैदर अली ने बताया कि वह अवैध शराब बिक्री का लंबे समय से विरोध कर रहे हैं। आरोप लगाया कि विरोध करने पर बीते दिनों उनके साथ मारपीट भी की गई। मारपीट में उनकी नाक पर दो टांके भी लगाने पड़े। उन्होंने बताया कि वह अवैध शराब बिक्री की शिकायत पुलिस से भी कर चुके हैं,

# भविष्य के लिए ऊर्जा का संरक्षण अति आवश्यक : जोशी

चम्पावत : राबाइका में ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण और शिक्षा विभाग की ओर से ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें टनकपुर के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने निबंध, चित्रकला, वाद-विवाद प्रतियोगिताओं पर प्रतिभाग किया।

वाद-विवाद जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर दिव्यांशी लोहनी व कोमल बोहरा रहे। वहीं सीनियर वर्ग में तनिष्का लोहनी और प्रियांशी विश्वकर्मा का चयन हुआ। चित्रकला सीनियर वर्ग में सृष्टि प्रजापति और मनीषा एवं जूनियर वर्ग में अभिनव प्रजापति, दीपिका कुमारी अव्वल रहे। निबंध प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में मनीष भट्ट और अंकिता चौड़ाकोटी रहे। जबकि जूनियर वर्ग में ज्योति जोशी, तरुन कुमार का जिला स्तरीय आयोजन के लिए चयन किया गया।

कार्यक्रम आयोजन समिति के सदस्य शिक्षक त्रिलोचन जोशी ने बताया कि भविष्य में आनंदमय जीवन जीने के लिए ऊर्जा का संरक्षण अति आवश्यक है। यहां प्रभारी प्रधानाचार्य बिनीता जोशी, नीलम पांडेय, संदीप कुमार ,विजय कुमार श्रीवास्तव, बिंदु चंद, हौसला सिंह, सुनैना चंचल, पवन कुमार, राजेंद्र सिंह बिष्ट, देवेंद्र प्रकाश भट्ट आदि रहे। (एजेंसी)

## रामनगर में अवैध कॉलोनियां सील

हल्द्वानी : जिला विकास प्राधिकरण हल्द्वानी की टीम ने रामनगर में अवैध कॉलोनियों पर बड़ी कार्रवाई की है। फल पट्टी घोषित क्षेत्र में बन रही इन कॉलोनियों की बिक्री–खरीद और रजिस्ट्री पर रोक लगा दी गई है। इसके अलावा बिना नक्शा पास कराए बनाई जा रही स्कूल की ईमारत को भी सील कर दिया गया। प्राधिकरण की संयुक्त सचिव ऋचा सिंह की अगुवाई वाली टीम ने शिकायत मिलने पर सोमवार को रामनगर के ग्राम गोरखपुर में बनाई जा रही विद्यालय की इमारत का निरीक्षण किया। नक्शा पास कराने से संबंधित दस्तावेज न दिखा पाने पर निर्माण कार्य सील कर दिया गया। टीम ने ग्राम नयागांव चौहान में प्रीतपाल सिंह कड़ाकोटी द्वारा बनाई जा कॉलोनी के खरीद–फरोख्त रोकने को लेकर रजिस्ट्रार रामनगर को पत्र भेजा। इसके अलावा मदर्स ग्लोरी स्कूल के पास, टांडा मल्लू और शिवलालपुर रियनिया में कट रही कॉलोनी का भी निरीक्षण किया गया।

## कला उत्सव में भाग लेने हेतु टीम देहरादून रवाना

चम्पावत : राज्य स्तरीय कला उत्सव देहरादून में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय प्रतियोगिता के लिए जिले की टीम सोमवार को रवाना हो गई है। जिसमें जिले से 12 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। टीम को जिला मुख्य शिक्षा अधिकारी जितेंद्र सक्सेना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ब्लॉक कला समन्वयक प्रकाश चंद्र उपाध्याय ने बताया के आगामी छह दिसंबर से देहरादून में आयोजित होने वाली टीम में जिले से संगीत, शास्त्रीय संगीत, पारंपरिक लोक संगीत, वादन, स्वर वाद्य, वादन, अवनद्ध वाद्य, नृत्य शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, दृश्य कला, द्विआयामी, दृश्य कला, त्रिआयामी, स्थानीय खिलौने और खेल, नाटक आदि विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अति दूरस्थ दुर्गम विद्यालयों के छात्र–छात्राएं टीम में शामिल हैं।

# सीमांत क्षेत्रों का विकास सरकार की प्राथमिकता

पिथौरागढ़ : रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ तीन दिवसीय मुनस्यारी महोत्सव का आगाज हो गया है। सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधिवत दीप जलाकर महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने यहां की लोक संस्कृति को वैभवशाली बताते हुए कहा कि इस तरह के महोत्सव से लोगों को एकजुटता का बल मिलता है। उन्होंने महान सर्वेयर पंडित नैन सिंह रावत को याद करते हुए कहा कि जोहार घाटी ने अनेक ख्याति प्राप्त रत्न दिए हैं। सीएम धामी ने हिमनगरी की सुंदरता की सराहना करते हुए अपने बचपन के दिनों को भी याद किया। उन्होंने कहा कि बचपन के दिनों में अक्सर वे यहां आया करते थे। उन्होंने सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लोगों को प्रहरी बताया और कहा कि सीमांत क्षेत्रों का विकास सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। इससे पूर्व विधायक हरीश धामी ने उनका जोरदार स्वागत किया। महिलाओं ने बाजार में कलश यात्रा भी निकाली। (एजेंसी)

## समाज को बेहतर दिशा देने के लिए सभी की भागीदारी जरूरी

पिथौरागढ़ : नगर में घनश्याम ओली चाइल्ड वेलफेयर सोसायटी ने अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस पर समाज हित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया। सोमवार को नगर पालिका सभागार में पालिकाध्यक्ष राजेंद्र रावत की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। इस दौरान उन्होंने लोगों के कायी की सराहना करते हुए कहा कि समाज को बेहतर दिशा देने के लिए सभी की भागीदारी जरूरी है। बाद में उन्होंने सरस्वती कोहली, कैलाश कुमार, रेखा जोशी, गंगा पंत, नीलू धामी, सरोज भट्ट, पूजा भट्ट, श्रुति लोहनी, आशीष पुनेठा, डीएस भंडारी और तनुजा खाती को शॉल ओढ़ाकर और प्रशस्त्रि पत्र देकर सम्मानित किया। यहां सोसायटी के अध्यक्ष अजय ओली सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे। (एजेंसी)

# पुलिस ने एमबी एक्ट के उल्लंघन करने पर काटे 43 चालान



बागेश्वर : बाराती सीजन में ओवर लोडिंग और नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। अभियान के तहत एक दिन में 43 चालान किए हैं।

पुलिस अधीक्षक हिमांशु वर्मा के निर्देश के बाद जिले की पुलिस ने सोमवार को चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कई वाहन चालक बिना कागजात के तो कई ओवर स्पीड में मिले। ओवर लोडिंग और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने वालों पर भी कार्रवाई की गई। नो पार्किंग में खड़े वाहन और यातायात नियमों के उल्लंघन, बिना हेलमेट चलने वाले दो पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने एमबी एक्ट में 43 चालान किए गए, जिसमें से तीन कोर्ट के चालान व एक वाहन को सीज किया गया। चेकिंग के दौरान यात्रियों तथा आम जनता को उत्तराखंड पुलिस एप की जानकारी दी गई। (एजेंसी)

## राज्य स्तरीय हॉकी के लिए टीम चयनित

अल्मोड़ा : राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के लिये अल्मोड़ा जिले की टीम का चयन हो गया है। स्थानीय स्टेडियम में बालिका वर्ग की टीम का चयन किया गया। अब जिले की टीम उधमसिंह नगर में होने वाली राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। टीम के चयन पर जिला क्रीड़ाधिकारी अरुण बंग्याल, यशवंत पंवार, प्रशांत मेहरा, प्रेम सिंह आदि ने शुभकामनाएं दीं। (एजेंसी)

## नि:शुल्क मिलेगी समूह ग की कोचिंग

हल्द्वानी : सेवायोजन विभाग के नगर सेवायोजन कार्यालय हल्द्वानी में एससी–एसटी जाति वर्ग के युवाओं को समूह 'ग की परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग दी जाएगी। नगर सेवायोजन अधिकारी शंकर बोरा ने बताया कि विभाग अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थी हिंदी आशुलिपि एवं टंकण लिपिकीय व्यवसाय के लिए 1 जनवरी 2023 से शुरू होने वाले सत्र में प्रवेश ले सकते हैं। (एजेंसी)

# मैदानी इलाकों में धूप हुई हल्की



देहरादून : उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में इन दिनों धूप हल्की हो रही है। जिससे आने वाले दिनों में ठंड बढ़ने के आसार लग रहे हैं।वहीं सोमवार पांच दिसंबर को देहरादून में भी सुबह आठ बजे तक धुंध छाई रही। जिससे सुबह के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि बाद में धूप निकल आई और ठंड से राहत मिल गई।

राज्य के तराई क्षेत्रों में धीरे–धीरे ठंड और बढ़ेगी वहीं अब राज्य के तराई क्षेत्रों में धीरे–धीरे ठंड और बढ़ेगी। मौसम विज्ञानियों ने मौसम साफ रहने और ठंड में वृद्धि होने का अनुमान लगाया है। जीबी पंत कृषि विवि पंतनगर के मौसम विज्ञानी डा. आरके सिंह ने बताया कि सोमवार को मौसम साफ रहेगा।

उन्होंने बताया कि रविवार को अधिकतम तापमान 25.05 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम 8.09 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता अधिकतम 93 व न्यूनतम 41 प्रतिशत रही। कुमाऊं मंडल की बात करें तो आज सोमवार को अल्मोड़ा, चंपावत, पिथौरागढ़ व बागेश्वर में आसमान साफ रहेगा। मैदानी क्षेत्र हल्द्वानी में धूप खिली रहेगी।

दो वर्ष बाद भी नहीं भरे आपदा प्रभावितों के जख्म

नैनीताल जिले के गरमपानी में आपदा को दो वर्ष से भी अधिक का समय बीत जाने के बावजूद आपदा प्रभावितों के जख्म आज भी हरे हैं। उचित मुआवजा न मिल पाने से प्रभावितों को एक अदद छत तक नसीब नहीं हो सकी है। मजबूरी में किराए के कमरे में दिन काटने को मजबूर हैं।

# ग्रामीणों ने किया डीएम कार्यालय में प्रदर्शन



बागेश्वर : दफौट क्षेत्र के मोहन नगर और त्यूनेड़ा के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने लिंक मोटर मार्ग से खेती को हो रहे नुकसान का मुआवजा मांगा। साथ ही शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। सोमवार को ग्रामीणों ने कहा कि मोहन नगर–त्यूनेड़ा लिंक मोटर मार्ग का निर्माण हो रहा है। लोनिवि सड़क बना रही है। कई स्थानों पर दीवार क्षतिग्रस्त हो गई है। जिसका मलबा खेतों में गिर रहा है।

जिससे सब्जी और खेती चौपट हो गई है। सोबन सिंह के घर से 15 किमी. दूरी पर सड़क का लेबल डाउन है। वर्षा का पानी सीधे खेतों में पहुंच रहा है। जिसके कारण भूस्खलन का भय बना हुआ है। इस दौरान उन्होंने सड़क का लेबल ठीक करने और क्षतिग्रस्त दीवारों की मरम्मत करने की मांग की। यहां मदन राम, उमेश सिंह, अर्जुन सिंह, भूपेश सिंह, प्रकाश धपोला, आनंद तिवारी आदि रहे। (एजेंसी)

## नंदा देवी गोशाला शुरू

पिथौरागढ़ : डाडाधार पापड़ी में मां नंदा देवी गो संरक्षण केंद्र का शुभारंभ हो गया है। पहले दिन विकासखंड के विभिन्न इलाकों से बगैर टैग वाले 100 आवारा मवेशियों को लेकर लोग यहां पहुंचे और उन्हें गोशाला में डाला। रविवार को विधायक हरीश धामी ने गोशाला का विधिवत शुभारंभ किया।

इस दौरान उपाध्यक्ष पूरन सिंह पांगती ने कहा कि गोशाला ग्रामीणों की एकता का प्रतीक है। करीब 12 सालों की मेहनत के बाद गोशाला अस्तित्व में आई है। इससे आसपास के लोगों को आवारा मवेशियों के आतंक से निजात मिलेगी। यहां राजेंद्र सिंह दासपा, पूरन सिंह पांगती, शंकर सिंह धर्मशक्तू, मंगल सिंह मतोलिया मौजूद रहे। (एजेंसी)



# घास के ढेर में लगी आग

बागेश्वर : जिला मुख्यालय से लगे मोटासिमल के पास रविवार की रात प्रदीप सिंह पुत्र गोविंद सिंह परिहार के घास के सूखे ढेर में आग लग गई। आग लगते ही ग्रामीण हरकत में आ गए। दमकल विभाग और ग्रामीणों ने मिलकर आग पर काबू पाया। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। आग के चलते पशुओं के चारे का संकट गहरा गया है। (एजेंसी)

# उत्तराखंड के सबसे बड़े आलू फार्म में अगले दो साल तक नहीं होगी बोवाई



पिथौरागढ़ : प्रदेश के सबसे बड़े आलू फार्म में अगले दो वर्ष तक आलू का उत्पादन नहीं होगा। पंतनगर विश्वविद्यालय के विज्ञानियों ने जांच के बाद उद्यान विभाग को आलू की खेती नहीं करने की राय दी है। आलू उत्पादन नहीं होने से उद्यान विभाग को 10 लाख से अधिक का नुकसान होगा। मुनस्यारी तहसील के अंतर्गत पांच दशक पूर्व उद्यान विभाग ने बलाती आलू फार्म खोला था। 46 हेक्टयेर में फैला इस फार्म में बेहतरीन किस्म का आलू उत्पादित होता है। जिले के साथ ही पूरे राज्य भर में आलू की सप्लाई की जाती थी।

स्थानीय काश्तकारों को फार्म से आलू बीज भी उपलब्ध कराया जाता था।

**पौध सूखने लगे और आलू को उत्पादन बेहद कम हो गया**

चार वर्ष पूर्व आलू फार्म में लगाए गए आलू के पौध सूखने लगे और आलू को उत्पादन बेहद कम हो गया। उद्यान विभाग ने अपने स्तर से इसकी जांच कराई, लेकिन कारण का पता नहीं लग सका। परेशान विभाग ने पंतनगर विश्वविद्यालय को पूरे मामले की जानकारी दी।

## सीएम धामी का जताया आभार

पिथौरागढ़ : महिलाओं को सरकारी नौकरी में 30 फीसदी क्षैतिज आरक्षण कानून विधानसभा में पारित करने पर लक्ष्य महिला सशक्तिकरण समिति की अध्यक्ष बबीता पुनेठा ने खुशी जताई है। उन्होंने सरकार के इस निर्णय को सराहनीय बताते हुए कहा कि यह कानून महिलाओं को और सशक्त बनाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया है। (एजेंसी)

## फीलिंग स्टेशन एसडीएम ने किया शुभारंभ

पिथौरागढ़ : देवीनगर में जंगपांगती फीलिंग स्टेशन खुल हो गया है। एसडीएम अनिल कुमार शुक्ला ने बीते रोज फीता काटकर विधिवत पंप का शुभारंभ किया। स्वामी राम सिंह जंगपांगती ने बताया कि पंप में पैट्रोल और डीजल मिलेगा। यहां नीलेश जंगपागती, कल्याण जंगपांगती, हेम पंत, जीवन रावत, संजय, जीवन धानिक, चंदू पंत, जीवन पंत, खड़क लाल शाह, भगवान शाह, योगेश कार्की आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## स्वस्थ तन में बसता है स्वस्थ मन

बागेश्वर : नेहरू युवा केंद्र ने अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस मनाया। इस दौरान विभिन्न कार्यकम आयोजित किए। छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वह स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। सोमवार को ज्योति पब्लिक स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाया।

# सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया सचल वाहन

चम्पावत : सीडीओ राजेंद्र सिंह रावत ने सोमवार को विकास भवन से पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना सचल वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह वाहन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर कृषि व उद्यान विभाग की पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना की जानकारी किसानों को देगा। पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत सेब, मटर, आलू आदि फसलों का बीमा करवाया जा सकता है। सीडीओ ने बताया कि बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2022 है। उन्होंने सभी किसानों से अपील की है कि वह अपनी फसल का बीमा करें। इस मौके पर डीडीओ एसके पंत, एपीडी विम्मी जोशी, सीएओ जीएस भंडारी, डीपीआरओ रामपाल आदि उपस्थित रहे। (एजेंसी)

## योजनाओं को धरातल में उतारने के लिए सहयोग जरूरी

चम्पावत : पाटी में सोमवार को ब्लॉक सभागार में स्वजल मिशन परियोजना के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्वजल परियोजना प्रबंधन जिला विकास अधिकारी संतोष पंत की अध्यक्षता में मिशन कार्डिनेटर मेलगानी के संचालन में गांवों को स्वच्छ रखने और जैविक कूड़ा निस्तारण के विषय में चर्चा की गई।

प्रधान संगठन अध्यक्ष राजेंद्र बिष्ट ने योजनाओं को धरातल में उतारने के लिए सहयोग प्रदान करने की बात कहीं। कार्यशाला में खंड विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र लोहनी, पंचायती राज अधिकारी रामपाल, प्रधान हेम शर्मा, दीपक भट्ट, नवीन शर्मा, ईश्वर बिष्ट, पुष्कर भट्ट, आशा मौनी आदि रहे। (एजेंसी)

# योजनाओं का लाभ उठाकर गांव को सुरक्षित बनाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : न्याय पंचायत तैडी के अंतर्गत ग्राम डांडा नागराज में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधियों एवं कार्मिकों हेतु सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का प्रशिक्षण कार्यक्रम समाप्त हुआ। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर सोनू कुमार ने ग्रामीण विकास, गृह मामलों, सामाजिक न्याय और अधिकारिता जनजातीय मामलों, अल्पसंख्यक मामलों महिला और बाल विकास मंत्रालय शिक्षा स्वास्थ्य परिवार कल्याण कौशल पंचायती राज आदि के विभागों के बारे में जानकारी देते हुए बताया इन सब योजनाओं से लाभ उठाकर हम गांव को एक सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव बना सकते हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से सुरक्षित गांव बनाने में सहयोग की अपील की।


ग्राम डांडा नागराज में प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए वक्ता।

वीपीडीओ रोशनलाल ने जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर इन लक्ष्यों को 2030 तक पूर्ण करने का कार्यक्रम अपनी ग्राम सभा योजना में सम्मिलित करते हुए पूर्ण करें। संस्था के केंद्रीय अध्यक्ष हरपाल सिंह पवार ने गरीबी मुक्त गांव एवं उन्नत आजीविका मिशन पर चर्चा की। उन्होंने केन्द्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजना मनरेगा योजना, दीनदयाल उपाध्याय योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, बाजार हस्तक्षेप योजना, मूल्य समर्थन योजना, कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक वर्ग के लिए चलाई जा रह योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से समन्वय बनाकर उक्त योजनाओं का लाभ उठाएं। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान संतोषी देवी, सुमन पाल, विपिन सिंह, अनीता देवी, मंजू देवी, रेखा देवी, कमलेश्वर प्रसाद, अनूसूया प्रसाद, सुरेन्द्र सिंह, मनोज कुमार, सुनील सिंह, बबीता देवी, मनोज सिंह आदि मौजूद थे।

## कोटद्वार ने जीती अंतर महाविद्यालय फुटबॉल चैंपियनशिप की ट्राफी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : श्री देव सुमन अंतर महाविद्यालय फुटबॉल चैंपियनशिप 2022 की ट्राफी डॉक्टर पितांबर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार ने जसपाल राणा कालेज ऑफ फिजिकली ऐजुकेशन ऐंड टेक्नोलॉजी देहरादून को 2-1 से हराकर अपने नाम की।

मुकाबले के शुरूआती क्षणों में दीपक नेगी के गोल ने कोटद्वार की टीम को बढ़ता दिला थी, जिसकी बरबरी देहरादून की टीम ने मध्यांतर से पूर्व अमन के गोल से कर दी। निर्धारित समय से पूर्व दीपक नेगी के एक ओर गोल से कोटद्वार की टीम को अजय बढ़त दिला दी। ऋतिक नेगी, अंकुर नेगी और मयंक रावत ने निर्णायकों की भूमिका निभाई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जानकी पवार ने विजेता कीम को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में सर्वाधिक सात गोल मारने वाले अखिलेश रावत को गोल्डन बूट, मोहित पटवाल को गोल्डन ग्लब्स, जसपाल राणा देहरादून के रोहित गोसाईं को बेस्ट मिडफील्डर व कोटद्वार महाविद्यालय के दीपक नेगी को फाइनल मुकाबले का मैन ऑफ द मैच देकर पुरस्कृत किया गया। खिलाड़ियों ने जीत का श्रेय कोच हीरा डंडरियाल, खेल प्रभारी डॉ. संजीव कुमार को जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में 8 महाविद्यालयों की टीम ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान चयनित खिलाड़ियों की टीम 15 दिसम्बर से लुधियाना पंजाब में अयोजित होने वाले नॉर्थ जोन फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभागी करेगी।

# गंगा की उपेक्षा से संकट में पड़ सकता है मानव जीवन



स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर समाजसेवी को सम्मानित करते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : नेहरू युवा केंद्र द्वारा नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के एसीएल सभागार में जिला युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रो0 एमएम सेमवाल ने कहा कि गंगा से हम सांस्कृतिक सामाजिक एवं आर्थिक रूप से जुड़े हुए हैं। गंगा की लगातार उपेक्षा से मानव का जीवन संकट में आ सकता है। कार्यक्रम में स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए श्रीनगर के हरि सिंह बिष्ट और ध्रुव प्रसाद बंगवाल को सम्मानित किया गया।सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए पालिका अध्यक्ष पूनम तिवाडी ने कहा कि युवा अपनी आदतों में स्वच्छता को शामिल करेंगे तो गंगा को दूषित होने से बचाया जा सकता है। अगर हम गंगा को माँ का दर्जा देते हैं तो उसके सम्मान की रक्षा भी हमको ही करनी है। डॉ0 कविता भट्ट शैलपुत्री ने मां गंगा के महत्व को समझाते हुए कहा कि हमारे पहाड़ के गधेरो प्राकृतिक स्त्रोतों को भी माँ गंगा का दर्जा है। इसलिए अपने गांव के प्राकृतिक स्त्रोतों को स्वच्छ रखना जरूरी है। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी शैलेश भट्ट, योगम्बर पोली, लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक अंजना बिष्ट, स्वंयसेवक वर्षा नेगी, कविता पंवार, पूजा जुयाल, अमित बर्थवाल, दुर्गा अंथवाल, ज्योति ठाकुर, गंगा दूत सहित विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री ने किया डाइलिसिस यूनिट का लोकापर्ण


स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत जिला चिकित्सालय में मरीज से डाइलिसिस के बारे में जानकारी लेते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पौड़ी स्थित जिला चिकित्सालय में हंस फाउण्डेशन के सहयोग एवं उत्तराखण्ड सरकार के प्रयासों से उपलब्ध कराई गई डाइलिसिस यूनिट का लोकापर्ण किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पुराने विशेषज्ञ चिकित्सकों-सर्जनों की सफलताओं और अनुभव को देखते हुए हम उनकी कम-से-कम 65 वर्ष तक सेवा लेने के संबंध में नियमावली बनाने एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों का अलग कैडर बनाने पर भी विचार करेंगें। इस दौरान मंत्री ने डायलिसिस चिकित्सा ले रहे रोगियों से भी चिकित्सा सुविधा का फीड बैक लिया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हमने सभी जनपदों में डायलिसिस सुविधा देने की बात की थी उसी कड़ी में पौड़ी में यह सुविधा दी जा रही है। अब तक प्रदेश में 8 जनपदों में यह सुविधा दी जा चुकी है। उन्होंने पीपीपी मोड से स्वास्थ्य सेवा में सहयोग कर रहे संस्थान को स्थानीय जन-प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बैठकर कार्य करते हुए उनके फीडबैक के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधा से संबंधित जो भी जनता की और से अपेक्षित सुधार की गुंजाइश है उसे तत्काल दूर करें। इस दौरान विधायक पौड़ी राजकुमार पौरी, जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती शांति देवी, सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# बैठक में अपडेटेड सूचना के साथ आएं अधिकारी : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि बैठक में अधिकारी अपडेटेड सूचना के साथ आयें आएं। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन की प्रगति पर लगातार निगरानी बनाते हुए विकासखंड स्तर व जिला स्तर पर कट्रोल रूम स्थापित करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष कार्यों की दैनिक सूचना के आधार पर लगातार मॉनिट्रिग करें।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य प्रगति बढ़ाते हुए पूर्ण कार्यों का थर्ड पार्टी निरीक्षण करायें। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद के जिन विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल की सुविधा नहीं है, उन्हें चिन्हित करते हुए 26 जनवरी तक पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों व आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल व्यवस्था पर निरीक्षण के लिए अध्यापकों से आंकड़े एकत्र कराते हुए पंचायती राज विभाग के आंकड़ों से मिलान करें। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन एक महत्वपूर्ण योजना है, इसके संबंध में हर 15 दिवस में समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी।


डीएम डॉ. आशीष चौहान समीक्षा बैठक को संबोधित करत हुए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, पीएम स्वजल दीपक रावत, अधिशासी अभियंता जल निगम एसके रॉय, अधिशासी अभियंता जल संस्थान कोटद्वार संतोष कुमार उपाध्याय, अधिशासी अभियंता जल निगम कोटद्वार आशीष कुमार मिश्रा, अधिशासी अभियंता लोनिवि पाबौ केएस नेगी, एडीपीआरओ नितिन नौटियाल सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## मुख्य छात्रावास के आदेश पर भड़के एबीवीपी कार्यकर्ता

श्रीनगर गढ़वाल : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं ने मुख्य छात्रावास अधीक्षक द्वारा व्हाटसएप ग्रुप में भेजे के गए आदेश पर गहरा आक्रोश जताया। इस संदर्भ में प्रति कुलपति से मिलकर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कार्रवाई की मांग की।

प्रति कुलपति को ज्ञापन देते हुए एबीवीपी के जिला संयोजक अमन बल्लभ पंत ने कहा कि 29 नवंबर को मुख्य छात्रावास अधीक्षक की ओर से छात्रावासों में रहने वाले छात्रों को आंदोलन में भाग न लेने के संदर्भ में व्हाटसएप ग्रुपों में मैसेज भेजकर आदेश दिए हैं। कहा ऐसी गतिविधि में संलिप्त होने पर छात्रों को छात्रावास से निष्कासित करने की धमकी भी दी


### सूचना

मैं दिगपाल सिंह बिष्ट (DIGPAL SINGH BISHT) पुत्र अवतार सिंह (AUTAR SINGH) निवासी ग्राम क्यार, पोस्ट चेलूसैण तहसील लैन्सडौन जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड पिन-246128 सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मैं पासपोर्ट पाने के लिए आवेदन कर रहा हूं, इस हेतु मेरे हाईस्कूल के प्रमाणपत्र में मेरे नाम दिगपाल सिंह (DIGPAL SINGH) है, जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम दिगपाल सिंह बिष्ट (DIGPAL SINGH BISHT) है। अतः मेरे नाम को दिगपाल सिंह (DIGPAL SINGH) की जगह दिगपाल सिंह बिष्ट (DIGPAL SINGH BISHT) पढ़ा जाय व लिखा जाय।


## पश्चिम बंगाल के पूर्व सांसद ने की अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : अंकिता को न्याय दिलाने की मांग के लिए डीएसओ छात्र संगठन एवं ऑल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन की ओर से चलाए जा रहे धरने को जयनगर पश्चिम बंगाल के पूर्व लोकसभा सांसद तरुण मंडल ने समर्थन दिया। इस दौरान उन्होंने अंकिता हत्याकांड के दोषियों को फांसी की सजा, सीबीआई जांच और फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई की मांग की।

सोमवार को पीपलचौरी धरना स्थल पर पहुंचे सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (एसयूसीआई) के सदस्य व पूर्व सांसद तरुण मंडल कहा कि सरकार चुनने से पहले नेता लोगों से वादा करते हैं कि नौकरी देंगे, लेकिन नौकरी नहीं मिलती।

यदि सरकारी नौकरी मिलती तो अंकिता को प्राइवेट रिजार्ट में काम करने नहीं जाना पड़ता। कहा कि भाजपा सरकार देश की संस्कृति को बचाने की बात करती है, लेकिन महिलाओं से लगातार छेड़छाड़ हो रही है। उन्होंने अंकिता भंडारी मामले की जांच हाईकोर्ट के अधीन करवाए जाने की बात कही। जिससे अंकिता को न्याय मिल सके।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं के साथ नशे का संबंध रहता है। इसलिए उत्तराखंड सरकार को पूर्ण नशाबंदी लागू करनी चाहिए। मौके पर डा. मुकेश सेमवाल, रेशमा पंवार, पूजा भंडारी, विजेता सेमवाल, कुलदीप कुमार, रंजना, रचना, विनीता खंडूड़ी, वंदना आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## महिलाओं को गौरा शक्ति एप की जानकारी दी

अल्मोड़ा : पुलिस का जिलेभर में महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान जारी है। सोमवार को चौखुटिया पुलिस ने चौपाल लगाकर महिलाओं को सुरक्षा कवच गौरा शक्ति एप की सुविधाओं की जानकारी दी। थानाध्यक्ष दिनेश नाथ महंत ने महिलाओं को सुरक्षा कवच गौरा शक्ति में रजिस्ट्रेशन करने की प्रक्रिया को समझाया। चौपाल में मौजूद महिलाओं से उत्तराखंड पुलिस एप डाउनलोड करवा कर गौरा शक्ति में रजिस्ट्रेशन कराए गए। (एजेंसी)

## जिले में नया थाना खोलने के प्रस्ताव को मिली स्वीकृति, खिर्सू में खुलेगी चौकी : एसएसपी

श्रीनगर गढ़वाल : पौड़ी जिले के 13 पुलिस थानों के महिला हेल्प डेस्क में नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हो गया है।

इस दौरान कर्मियों का आत्मरक्षा का प्रयोगात्मक प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षण लेकर अपने-अपने थानों में जाकर महिला पुलिस कर्मी छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाएंगी। उन्होंने कहा कि यमकेश्वर में थाने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिल चुकी है। कहा खिर्सू में भी पुलिस चौकी खोली जाएगी।

सोमवार को महिला थाने में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

# तदर्थ कार्मिक विवि गेट से दंडवत लेटकर पहुंचे कमलेश्वर मंदिर

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल केंद्रीय विवि में विवि कर्मचारी संघर्ष समिति की ओर से तदर्थ कर्मियों का रिक्त पदों पर समायोजन करने, पदोन्नति सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहे मोबाइल क्रमिक अनशन को 100 दिन पूरे हो गए हैं। बावजूद मांगों पर कार्यवाही न होने पर विवि कर्मी कमलेश चंद्र नैथानी ने दंडवत लेटकर विवि गेट भैरव नाथ मंदिर से कमलेश्वर मंदिर तक की दूरी तय कर मांगों पर कार्यवाही के लिए प्रार्थना की। इस दौरान समिति के अन्य सदस्यों ने भी उनका समर्थन किया।

गढ़वाल केंद्रीय विवि में कर्मचारी संघर्ष समिति के बैनर तले समिति के अध्यक्ष डा.देवेंद्र फर्स्वाण विभिन्न मांगों को मोबाइल क्रमिक अनशन पर हैं। उनका आरोप है कि विवि प्रशासन शांतिपूर्ण तरीके से चल रहे आंदोलन की सुध नहीं ले रहा है। जिसके कारण विवि कर्मियों के हित प्रभावित हो रहे हैं। आंदोलन के समर्थन में सोमवार को विवि को आंदोलन में उतरे कमलेश चंद्र नैथानी ने कहा कि अब भगवान भोलेनाथ पर ही उनका विश्वास है। जिसके कारण उन्होंने दंडवत प्रार्थना करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर विवि के कार्यों में बिना व्यवधान डाले आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन उनकी मांगों पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। मौके पर राज्य आंदोलनकारी प्रेमदत्त नौटियाल, सभासद हिमांशु बहुगुणा, राजेंद्र रावत, सुनील रावत, रमेश बिष्ट, बृजमोहन, दिनेश, प्रीतम गोस्वामी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## यातायात नियमों को लेकर पुलिस सख्त

अल्मोड़ा : यातायात नियमों को लेकर पुलिस सख्त हो गई है। सोमवार को पुलिस टीम ने लोअर मालरोड में चेकिंग अभियान चलाया।

इस दौरान बिना हेलमेट और तेज रफ्तार दोपहिया वाहन चलाने पर पांच चालकों पर उत्तराखंड पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई कर जुर्माना वसूला गया। (एजेंसी)


## कार्यालय मुख्य अभियन्ता स्तर-2
## सिंचाई विभाग उत्तराखण्ड, श्रीनगर (गढ़वाल)

### सतपुली जलाशय निर्माण हेतु जन सुनवाई सूचना

जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा चौबट्टाखाल के सतपुली में माननीय मुख्यमंत्री जी एवं माननीय सिंचाई मंत्री श्री सतपाल महाराज जी के द्वारा द्वारा बहुउददेश्य जलाशय का निर्माण प्रस्तावित है। जिसके सम्बन्ध मे दिनांक 08/12/2022 में प्रातः 11.00 से 2.00 बजे के मध्य समस्त सम्बन्धित विभाग, नगरवासियों, ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं हितधारकों से जन संवाद हेतु सार्वजनिक खुली बैठक का आयोजन किया जाना है। अतः समस्त सम्बन्धित विभाग, नगरवासियों, ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं हितधारको कों सूचित/आमत्रिंत किया जाता है कि दिनांक 08/12/2022 में प्रातः 11.00 से 2.00 बजे के मध्य पी0डब्लू0डी0, गेस्ट हाउस, सतपुली में आयोजित सार्वजनिक खुली बैठक में सम्मलित होकर अपने बहुमूल्य सुझाव देने का कष्ट करें।

(सुभाष चन्द)
मुख्य अभियन्ता स्तर-2
सिंचाई विभाग उत्तराखण्ड,
श्रीनगर, (गढवाल)

सम्पादकीय

# बदलाव की दिशा में कांग्रेस

लगता है कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों का ताना-बना अभी से बुनना शुरू कर दिया है। पार्टी ने ऐसे नेताओं को आगाह कर दिया है जो अपनी जिम्मेदारियों को या तो दूसरे पर थोपने का प्रयास करते हैं या फिर पार्टी के दायित्वों से बचने की कोशिश करते हैं। राहुल गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक की ष्भारत जोड़ो यात्राष के बाद कांग्रेस में काफी कुछ बदलता हुआ दिख रहा है। कन्ग्रेस अपने कम होते जनाधार एवं कमजोर बुनियाद को एक बार फिर से मजबूत बनाने की दिशा की ओर चल रही है। खासतौर से कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे अब अपने तेवरों से पार्टी को अलग दिशा में ले जाने की कोशिश कर रहे हैं जिसमें ना केवल संगठनात्मक एकता बल्कि नेताओं का दायित्व एवं जिम्मेदारियां भी तय की जाएंगी। कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे स्पष्ट कर चुके हैं कि यदि पद पर बने रहना है तो पार्टी एवं समाज के प्रति दायित्वों का निर्वहन करना होगा, जो भी पदाधिकारी दायित्वों से बचने की कोशिश करेगा पार्टी चाहे जैसी भी परिस्थितियों में हो ऐसे नेता को बाहर का रास्ता दिखाने से पार्टी पीटे नहीं हटेगी। कांग्रेस अब राष्ट्रीय मंच पर नए चेहरों को भी लाने की योजना पर कार्य कर रही है जिसका सीधा विजन राहुल गांधी के युवा शक्ति से जुड़ा हुआ है। हाल ही में बनाए गए राज्य प्रभारियों की भी जिम्मेदारियां तय की गई है और उन्हें स्पष्ट किया गया है कि वह 3 माह के अंदर उनके क्षेत्रों में जन आंदोलन एवं जन समस्याओं के लिए किए गए कार्य के रिपोर्ट केंद्रीय संगठन को देंगे। कांग्रेस को शायद यह समझ आ गया है कि वर्ष 2024 की तैयारियों को यदि जनता के दिलों दिमाग तक उतार रहे तो उसके लिए अभी से तैयारियां शुरू करनी होंग। पार्टी की नजर ना केवल 2024 के संसदीय चुनाव बल्कि उससे पहले कुछ राज्य में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर भी है। राहुल गांधी की ष्भारत जोड़ो यात्राष में कांग्रेस को एक बार फिर फोकस में लाकर खड़ा किया है और इसका सबसे बड़ा कारण ष्भारत जोड़ो यात्राष के ऐसे मुद्दे हैं जिसमें महंगाई बेरोजगारी आर्थिक एवं सामाजिक असमानता जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जा रहा है। कांग्रेस ने इस बार गांधी परिवार से परे हटकर एक वरिष्ठ कार्यकर्ता को राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष बनाकर परिवारवाद की परिपाटी को तोड़ने का भी प्रयास किया है। कांग्रेस का यह पूरा कार्यक्रम फिलहाल एकला चलो की नीति पर है जिसमें कांग्रेस अपनी बुनियाद को मजबूत करने के साथ-साथ संगठनात्मक ढांचे को भी सशक्त बनाने की कोशिश कर रही है। हिमाचल प्रदेश एवं गुजरात के विधानसभा चुनाव के परिणाम भी कांग्रेस की आगामी रणनीति की दिशा को निर्धारित करेंगे जबकि उत्तराखंड के परिपेक्ष में भी यही बात लागू होती है जहां प्रदेश कांग्रेस को भाजपा के मजबूत गढ़ को कमजोर बनाने की अभी बुनियादी स्तर पर मेहनत करने की जरूरत है। अंदरूनी कलह से जूझ रही कांग्रेस के लिए केंद्रीय कमान से मिलने वाले निर्देशों का उत्तराखंड प्रदेश भाजपा में कितना असर होता है यह तो जल्द पता चलेगा लेकिन इतना जरूर है कि केंद्रीय स्तर पर कांग्रेस ने अपना पूरा खाका बदलने की तैयारियां शुरू कर दी है।

# अर्थव्यवस्था : भारत की मजबूती दिखती है



**सतीश सिंह**

भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के मुताबिक वित्त वर्ष 2023 की सितम्बर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही और अनुमान है कि आगामी तिमाहियों में इसमें सुधार आएगा और चालू वित्त वर्ष में यह 7.00 प्रतिशत के आसपास रहेगी।

उल्लेखनीय है कि चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 13.5प्रतिशत रही थी। केंद्रीय बैंक की तरह रयटर्स और ब्लूमबर्ग ने भी सितम्बर तिमाही में जीडीपी वृद्धि के 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था।

सितम्बर तिमाही में सेवा क्षेत्र के तहत व्यापार, होटल व परिवहन, वित्तीय व रियल एस्टेट एवं लोक प्रशासन व अन्य सेवाओं में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिससे जीडीपी, अनुमानित वृद्धि दर को बरकरार रखने में सफल रहा। इस अवधि में विनिर्माण क्षेत्र में 4.3 प्रतिशत का संकुचन दर्ज किया गया, क्योंकि बैंकों द्वारा ा ण ब्याज दर बढ़ाने और महंगाई की वजह से कंपनियों की इनपुट लागत बढ़ी और उनका मुनाफा मार्जिन प्रभावित हुआ, जिससे विनिर्माण गतिविधियां बाधित हुई।

सेवा क्षेत्र यानी व्यापार, होटल, परिवहन आदि सेवाओं में पहली बार वृद्धि की रफ्तार वित्त वर्ष 2020 की सितम्बर तिमाही की तुलना में 2.1 प्रतिशत अधिक रही और कोरोना महामारी के पहले के मुकाबले जीडीपी में कुल 7.6प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही में बुनियादी कीमत पर सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में 5.6 प्रतिशतकी बढ़ोतरी हुई। पिछले साल की तुलना में शुद्ध आयात भी लगभग दोगुना हो गया और सालाना आधार पर इसमें 89 प्रतिशत की वृद्धि हुई। निजी खर्च में वृद्धि 9.7 प्रतिशत दर्ज की गई, क्योंकि उपभोक्ताओं ने महंगाई के दबाव के बावजूद अधिक कीमत वाले सामानों पर ज्यादा खर्च किया, जबकि सरकारी खर्च में 4.4 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई, जो इस बात का संकेत है कि आमजन खर्च करने से गुरेज नहीं कर रहे हैं और केंद्र व राज्य सरकारों ने सितम्बर तिमाही के दौरान अपने खर्च पर नियंत्रण रखने में सफल रही हैं।

भारत का पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) अक्टूबर महीने के 55.3 से थोड़ा बढ़कर नवम्बर महीने में 55.7 हो गया। यह नये अर्डर, उत्पादन में वृद्धि और महंगाई में आई आंशिक कमी की वजह से 3 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया। पीएमआई में वृद्धि इस बात का संकेत है कि विनिर्माण की गतिविधियों में तेजी आ रही है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी के अनुसार भी विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन और मांग में सुधार दृष्टिगत हो रहा है। अक्तूबर महीने में महंगाई में आंशिक कमी आने से कंपनियों के इनपुट लागत में भी कमी दृष्टिगोचर हो रही है। इन दो महीनों में नई मांग और निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। अक्टूबर और नवम्बर महीने में पीएमआई में उछाल आने से यह अनुमान लगाया जा रहा कि चालू वित्त वर्ष की दिसम्बर तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर में बेहतरी आएगी। खनन क्षेत्र में उत्पादन दर में 2.8 प्रतिशत की गिरावट आने और महंगाई के मोर्चे पर उल्लेखनीय सफलता नहीं मिलने और ा ण ब्याज दरों में वृद्धि होने की वजह से कुछ अर्थशास्त्री कयास लगा रहे हैं कि भारत की वृद्धि दर आगामी तिमाहियों में और भी कम हो सकती है। दूसरी तरफ, त्योहार भारत की विविधतापूर्ण संस्ति का परिचायक है और इस पहलू को विकास के साथ हमेशा से जोड़ा जाता रहा है।

> **खनन क्षेत्र में उत्पादन दर में 2.8 प्रतिशत की गिरावट आने और महंगाई के मोर्चे पर उल्लेखनीय सफलता नहीं मिलने और ऋण ब्याज दरों में वृद्धि होने की वजह से कुछ अर्थशास्त्री कयास लगा रहे हैं कि भारत की वृद्धि दर आगामी तिमाहियों में और भी कम हो सकती है। दूसरी तरफ, त्योहार भारत की विविधतापूर्ण संसति का परिचायक है और इस पहलू को विकास के साथ हमेशा से जोड़ा जाता रहा है। साथ ही, अगर लोगों के पास पैसा रहेगा तभी वे खर्च करेंगे। इसलिए यह कहना कि त्योहार की वजह से लोगों ने अगस्त, सितम्बर और अक्तूबर महीने में खर्च किया या फिर इस अवधि के दौरान मांग में वृद्धि हुई या फिर निवेश में इजाफा हुआ गलत होगा। सितम्बर और अक्टूबर 2022 के आंकड़ों के अनुसार वेतन वाली नौकरियां कोरोना महामारी के पहले के स्तर पर पहुंच गई हैं और कयास लगाए जा रहे हैं कि नवम्बर और दिसम्बर महीने में इसमें और भी सुधार होगा। शहरी क्षेत्र में सितम्बर महीने में 21.4 लाख और अक्टूबर महीने में 22.6 लाख रोजगार सृजित हुए।**

साथ ही, अगर लोगों के पास पैसा रहेगा तभी वे खर्च करेंगे। इसलिए यह कहना कि त्योहार की वजह से लोगों ने अगस्त, सितम्बर और अक्तूबर महीने में खर्च किया या फिर इस अवधि के दौरान मांग में वृद्धि हुई या फिर निवेश में इजाफा हुआ गलत होगा।

सितम्बर और अक्टूबर 2022 के आंकड़ों के अनुसार वेतन वाली नौकरियां कोरोना महामारी के पहले के स्तर पर पहुंच गई हैं और कयास लगाए जा रहे हैं कि नवम्बर और दिसम्बर महीने में इसमें और भी सुधार होगा। शहरी क्षेत्र में सितम्बर महीने में 21.4 लाख और अक्टूबर महीने में 22.6 लाख रोजगार सृजित हुए। हालांकि, इन महीनों के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार में गिरावट दर्ज की गई, लेकिन चालू वित्त वर्ष की सितम्बर तिमाही में षि एवं संबंधित गतिविधियों में स्थिर मूल्य पर 4.6 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछली तिमाही से अधिक है से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के क्षेत्र में बेहतरी आने की संभावना बढ़ी है।

षि क्षेत्र में ताजा वृद्धि मुख्य रूप से षि संबंधी गतिविधियों में तेजी आने की वजह से संभव हुई है, क्योंकि इन महीनों में फसल की कटाई की गतिविधियां कम हुई हैं। यह सकारात्मक संकेत है। जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2023 में 7.00 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान है और उम्मीद है कि भारत आसानी से इस लक्ष्य को हासिल कर लेगा। अभी दुनिया के देशों में अनिश्चितता का माहौल है। महंगाई और विकास की सुस्त वृद्धि दर से विकसित देशों समेत दुनिया भर के अधिकांश देश मंदी की ओर बढ़ रहे हैं, जबकि भारत मजबूती से विकास की दिशा में अग्रसर है।

# संसद की रणनीति नतीजों के बाद!



कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने संसद के शीतकालीन सत्र की रणनीति बनाने के लिए पार्टी के रणनीतिक समूह के साथ बैठक की है। दोनों सदनों के नेताओं के साथ उन्होंने बैठक की और कांग्रेस की रणनीति के बारे में चर्चा की। लेकिन संसद में विपक्ष की क्या रणनीति होगी और सरकार कैसे काम करेगी, इसकी असली रणनीति चुनाव नतीजों के बाद बनेगी। संसद का शीतकालीन सत्र सात दिसंबर से शुरू हो रहा है। उसी दिन दिल्ली नगर निगम के नतीजे आएंगे और उसके अगले दिन यानी आठ दिसंबर को हिमाचल प्रदेश और गुजरात विधानसभा चुनाव के नतीजे आएंगे।

दिल्ली नगर निगम, हिमाचल प्रदेश और गुजरात के चुनाव में सिर्फ तीन पार्टियां सीधे शामिल हैं। भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी। लेकिन नतीजों पर इन तीन पार्टियों के अलावा सभी विपक्षी पार्टियों की नजर भी होगी। अगर कांग्रेस का प्रदर्शन औसत से बेहतर होता है। वह हिमाचल प्रदेश में जीतती है और गुजरात में नंबर दो पार्टी रहती है तब विपक्ष की पार्टियां उसकी रणनीति के हिसाब से काम करेंगी। फिर कांग्रेस के साथ विपक्षी पार्टियों की एकजुटता भी बनेगी और संसद में सरकार को घेरने की साझा योजना भी बनेगी।

लेकिन अगर कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा नहीं हुआ और वह दोनों राज्यों में विधानसभा का चुनाव हारी और दिल्ली नगर निगम में तीसरे स्थान पर रही तो विपक्षी पार्टियां उसकी अनदेखी करेंगी। ध्यान रहे संसद के बजट सत्र के दौरान पांच राज्यों के चुनाव नतीजे आए थे और पांचों राज्यों में कांग्रेस बुरी तरह से हारी थी। उसके बाद बजट सत्र के दूसरे हिस्से में कांग्रेस के साथ विपक्ष की कोई साझेदारी नहीं बन पाई थी। विपक्षी पार्टियां अपने अपने हिसाब से राजनीति कर रही थीं। इस बार भी अगर कांग्रेस नहीं जीतती है तो उसे अपनी लड़ाई अकेले लडनी होगी।

नतीजों का असर सरकार के कामकाज पर भी पड़ेगा। अगर भाजपा दो में से एक राज्य हारती है और दिल्ली नगर निगम गंवाती है तो वह बैकफुट पर आएगी। दिल्ली नगर निगम की जीत आम आदमी पार्टी को बड़ी ताकत दे सकती है। वैसे भी वह विपक्ष से अलग अकेले राजनीति कर रही है। लोकसभा में उसके पास एक भी सांसद नहीं हैं लेकिन राज्यसभा में उसके 10 सांसद हैं।

वह दिल्ली की जीत के बाद राज्यसभा में सरकार को ज्यादा आक्रामक तरीके से घेरेगी। जहां तक भाजपा का सवाल है तो वह दोनों राज्य जीतने की उम्मीद कर रही है। अगर दोनों जगह भाजपा जीती तो संसद की कार्यवाही पहले की तरह चलती रहेगी और सरकार विपक्ष के विरोध पर ध्यान नहीं देगी। सो, दो राज्यों और दिल्ली नगर निगम के नतीजों से संसद का मूड तय होगा और आगे की राजनीति की भी दिशा तय होगी।

# डिजिटल भी रुपया ही है!

जिस समय देश हर बात को एक बड़ी उपलब्धि के रूप में प्रचारित किया जाता हो, तब हर चीज को उसके सही संदर्भ में रखना जरूरी हो जाता है। ये बात डिजिटल रुपये पर भी लागू होती है।

भारतीय रिजर्व बैंक आज रुपये का डिजिटल संस्करण जारी कर रहा है। फिलहाल, प्रायोगिक तौर पर- चार शहरों में और चार बैंकों के जरिए इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। शुरुआत में जिन चार बैंकों का चयन किया गया है, उनमें आईएफडीसी भी है। एक अंग्रेजी अखबार ने इंटरव्यू के क्रम में जब इस बैंक के महाप्रबंधक से पूछा जब भारत में यूपीआई के जरिए पहले से ही डिजिटल भुगतान प्रचलित हो चुका है, तब डिजिटल रुपये की क्या विशेषता होगी? महाप्रंधक ने कहा कि इसके जरिए होने वाला लेन-देन अधिक गोपनीय रहेगा। यानी यूपीआई पेमेंट सीधे बैंक से होता है, इसलिए व्यक्ति किसे कितनी रकम दे रहा है, यह सारा बैंक के डेटाबेस में मौजूद रहता है। जबकि डिजिटल रुपया का स्वरूप नकदी की तरह होगा, जो बैंक से निकाल लेने के बाद आप कहां खर्च करते हैं, यह बैंक को मालूम नहीं होता। तो इस रूप में इससे उन लोगों को बेशक बहुत सुविधा होगी, जो अपना हर हिसाब-किताब बैंक को नहीं देना चाहते।

बहरहाल, इससे रुपये के मूल्य या उपलब्धता पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। इस रूप में इससे रुपये की हैसियत बढने या जिनके पास धन नहीं है, उन्हें कोई आसानी होने की संभावना नहीं होगी। यह एक सामान्य बात है, लेकिन जिस समय देश हर बात को एक बड़ी उपलब्धि के रूप में प्रचारित किया जाता हो, तब हर चीज को उसके संदर्भ में रखना जरूरी हो जाता है। तो रुपये का डिजिटल संस्करण आने से भारतीय मुद्रा के अंतरराष्ट्रीयकरण की दिशा में कोई प्रगति होगी, ऐसी आशा नहीं रखनी चाहिए। रुपये की अंतरराष्ट्रीय हैसियत तभी बनेगी, जब दूसरे देशों को रुपये को अपने पास रखना बहुमूल्य महसूस होगा। ऐसा तभी हो सकता है, अगर भारत वस्तुओं और सेवाओं का इतना उत्पादन करे कि उन्हें खरीदना दूसरे देशों को अपेक्षात लाभकारी मालूम पड़े। मुद्रा की अंतरराष्ट्रीय हैसियत का मतलब यह होता है कि उसमें दूसरे अपने आयात-निर्यात का भुगतान स्वीकार करें। इस मामले में स्थिति यह है कि रूस के साथ रुबल-रुपया कारोबार का सिस्टम बन जाने के बावजूद असली कारोबार इस रूप में ज्यादा नहीं हो रहा है। कहने का तात्पर्य यह कि डिजिटल रुपया आने के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था और मुद्रा की मूलभूत स्थितियां जस की तस रहेंगी।

# जेल सुधार की दरकार

**शिवांशु राय**

बीते दिनों राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संविधान दिवस के मौके पर अपने अभिभाषण में क्षमता से अधिक भरी जेलों और बड़ी संख्या में बंद कैदियों के प्रति चिंता जताते हुए जेल सुधार पर बल दिया।

इसके तुरंत बाद सुप्रीम कोर्ट ने भी देश भर के जेल प्रशासन को 15 दिनों के भीतर ऐसे कैदियों का ब्यौरा देने को कहा ताकि उनकी रिहाई के लिए एक राष्ट्रीय योजना बन सके।

श्जेल सुधार का मुद्दा स्वतंत्रता के पश्चात हमेशा से ज्वलंत विषय रहा है। भारतीय संविधान में श्जेलों एवं उसमें रखे कैदियों को भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची की प्रविष्टि 4 के तहत राज्य सूची के विषय के तहत रखा गया है। जेलों का प्रशासन और प्रबंधन संबंधी राज्य सरकारों की जिम्मेदारी होती है। हालांकि गृह मंत्रालय जेलों और कैदियों से संबंधी मुद्दों पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नियमित मार्गदशर्न तथा सलाह देता है।

आंकड़े बताते हैं कि वर्तमान में जेलों का बुरा हाल होता जा रहा है। कैदी नारकीय जीवन जी रहे हैं, कैदियों के संदिग्ध स्थिति में मरने, उनके हंगामा मचाने और भागने की खबरें आती रहती हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार भारत में जेलों का कुल अक्यूपेंसी रेट 1302त्न है। 19 राज्योंध्केंद्रशासित प्रदेशों में 100त्न से अधिक अक्यूपेंसी दर है, जो चिंताजनक है।



एनसीआरबी के अनुसार इन कैदियों में अस्सी प्रतिशत से अधिक वंचित वर्ग से आते हैं, जिनके पास पर्याप्त विधिक सहयोग और आर्थिक संसाधनों का अभाव है, ऐसे में वे महंगी और धीमी कानूनी प्रक्रिया को नहीं झेल सकते। क्षमता से अधिक भीड़ होने की वजह से पर्याप्त बुनियादी ढांचागत सुविधाओं का अभाव, समुचित जेल प्रशासन के लिए धन एवं स्टाफ की कमी, स्वच्छ वातावरण, साफ-सफाई, पर्याप्त चिकित्सकीय सुविधाओं एवं जागरूकता की कमी से कैदियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझना पड़ता है। ट्रांसजेंडरों, महिला कैदियों और उनके बच्चों के अलग से रहन-सहन, सुरक्षा और स्वास्थ्य आदि के लिए भी अपर्याप्त व्यवस्था इन्हें बदहाल जीवन में जीने को मजबूर कर देते हैं। वर्तमान में कैदियों के सामने अपर्याप्त विधिक सहायता, विचाराधीन कैदियों की बढ़ती संख्या, हिरासत में होने वाली यातनाएं एवं मृत्यु तथा पारदर्शिता न होने की वजह से भ्रष्टाचार ने स्थितियों को गंभीर बनाया है। रित के बदले कार-ावास में मोबाइल, ड्रग्स या हथियार पहुंचने की घटनाएं राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा होने के साथ-साथ कानून के शासन को स्थापित करने के लिए भी चुनौती हैं। आज के समय में सबसे बड़ी चुनौती अपराध-अपराधियों पर अंकुश लगाना एवं साथ ही जेल से बाहर आने पर अपराधी अपराध की दुनिया मे वापस न लौटें यह सुनिश्चित करना है। इसके लिए देश भर की जेलों में बुनियादी ढांचागत सुविधाओं का विस्तार, क्षमता निर्माण एवं नई जेलों की स्थापना की जरूरत है ताकि जेलों में जरूरत से ज्यादा कैदियों को रखे जाने की समस्या का निदान हो सके। कैदियों की अनावश्यक भीड़ कम करने के लिए तत्काल कदम उठाए जाने चाहिए। इसका असल समाधान धीमे और जटिल न्यायिक तंत्र के दुरु स्तीकरण से ही होगा लेकिन जब तक ऐसा नहीं होता तब तक ऐसे विचाराधीन कैदियों को चिह्नित करके जमानत पर रिहा किया जा सकता है, जिन पर संगीन अपराध का अभियोग न लगा हो या जिन्होंने अपने ऊपर लगे अभियोग की संभावित अधिकतम सजा से ज्यादा वक्त जेल में बिता लिया हो। उनके लिए सर्वोच्च न्यायालय ने भी पहल की है।

जेलों में स्वच्छ और पौष्टिक भोजन, कैंटीन, आवश्यक वस्तुओं आदि को खरीदने की सुविधा के साथ-साथ जेल परिसर की साफ-सफाई, स्वच्छता संबंधी जागरूकता एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था होनी चाहिए जिससे कैदियों को स्वस्थ और रोगमुक्त रखा जा सके। इस संदर्भ में आदर्श कारागार नियमावली, 2016 का अनुपालन किया जा सकता है। अमिताभ राय समिति के अनुसार कैदियों के लिए कानूनी सहायता, स्पीडी ट्रायल, वकीलों की पर्याप्त उपलब्धता, परिजनों से मुलाकात एवं अपराध के अनुसार वैकल्पिक सजा आदि मुद्दों पर भी गौर करना जरूरी है।

जेल प्रशासन के लिए संसाधनों, धन एवं स्टाफ की कमी भी अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार होती है। रिक्तियां भरना, पर्याप्त वित्त की व्यवस्था बेहद आवश्यक हैं। जेलों में संगठित आपराधिक गतिविधियां, गुटबाजी, हिंसक संघर्ष, कट्टरता आदि रोकने के लिए भी राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक कार्ययोजना एवं कड़े अनुशासनात्मक प्रावधानों को तैयार करके उन्हें क्रियान्वित करने की जरूरत है ताकि जेल आपराधिक गतिविधियों की कार्यशाला न होकर, श्सुधार गृह की भूमिका में आ सकें।

# शादियों में दिखना है आकर्षक तो जरूर पहनें ये 5 नन-ब्राइडल लहंगे



शादियों का सीजन चल रहा है और ऐसे मौके पर लड़कियां सुंदर, यूनिक और स्टाइलिश दिखना पसंद करती हैं। आजकल बाजार में बहुत से लहंगे मौजूद हैं, जिसकी वजह से लड़कियां लहंगा खरीदने में कंफ्यूज हो जाती हैं। लेकिन अब आपको इसकी फिक्र करने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। आज हम आपको शादी में पिक्चर-परफेक्ट दिखने के लिए नन-ब्राइडल लहंगे बताएंगे, तो चलिए पांच नन-ब्राइडल लहंगों के बारे में जानते हैं।

### पेप्लम लहंगा

पेप्लम लहंगा आज के समय में काफी चलन में है। यह बेहद आरामदायक और स्टाइलिश होता है और सभी प्रकार की लड़कियों के ऊपर अच्छा लगता है। इस लहंगे को पहनते समय आपको अपने पेट को दुपट्टे से कवर नहीं करना पड़ेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें कमर को कवर करने के लिए मैचिंग पेप्लम फुल ब्लाउज होता है। आप चाहें तो हाई नेक वाले पेप्लम ब्लाउज भी चुन सकती हैं, जो बेहद यूनिक और स्टाइलिश लगता है।

### जैकेट स्टाइल लहंगा

दिसंबर के महीने में रात के समय ठंड बढ़ जाती है। ऐसे समय पर शादियों में जैकेट स्टाइल लहंगा पहनना एक बेहतरीन विकल्प है। जैकेट स्टाइल लहंगा आपको एलिगेंट और क्लासी लुक देता है। यह लहंगा पाकिस्तान और पंजाब के पारंपरिक लच्छा लहंगे से प्रेरित है। इस लहंगे में आप नूडल स्ट्रैप, बस्टियर या बोट नेक वाले स्लीवलेस ब्लाउज के ऊपर एम्बेलिश्ड जैकेट कैरी कर सकती हैं। इसके साथ स्वीटहार्ट नेकलाइन जरूर पहनें।

### रफल्ड या लेयर्ड लहंगा

रफल्ड या लेयर्ड लहंगा काफी फैशन में हैं। लड़कियों को ये लहंगे बेहद पसंद आते हैं क्योंकि इस लहंगे में काफी घेर होती है। इस आउटफिट को खरीदते समय डार्क रंग के टाई-डाई या फीचर प्रिंट में जर्जेट का रफल्ड या लेयर्ड लहंगा चुनें। जर्जेट लहंगा पहनने में आप बहुत आरामदायक महसूस करेंगी। इसे अफ-शोल्डर ब्लाउज, अर्गेना या सिल्क से बने टेपर्ड फुल-स्लीव प्लीटेड ब्लाउज के साथ पेयर करें। यह लुक बेहद खूबसूरत लगता है।

### कुर्ती स्टाइल लहंगा

आजकल कुर्ती स्टाइल लहंगे बहुत चलन में हैं और यह काफी आरामदायक और झंझट मुक्त लुक देते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि आप छोटे प्रोग्राम में इन लहंगे की कुर्तियों को अलग से जींस, पलाजो या लेगिंग्स के साथ पेयर कर सकती हैं। इसके साथ कढ़ाई वाले दुपट्टे बेहद खूबसूरत लगते हैं। ये आउटफिट आपके ओवरअल लुक को इंडो-वेस्टर्न लुक भी देता है, जो आपको भीड़ से अलग बनाता है।

### एसिमेट्रिक लहंगे

एसिमेट्रिक लहंगे में दो जोड़ होते हैं, जो यूनिक होने के साथ-साथ बेहद खूबसूरत भी दिखते हैं। इस लहंगे को खरीदते समय आप हल्के रंगों का चयन करें। इसके अलावा अगर आप इस लहंगे के साथ इंडो-वेस्टर्न लुक पाना चाहती हैं तो इसे कढ़ाई वाले कोल्ड-शोल्डर, हल्टरनेक या स्ट्रैप-स्टाइल ब्लाउज के साथ पेयर कर सकती हैं। इस आउटफिट के साथ चांदबाली इयररिंग्स और मांग टीका पहनें। यह आपके लुक में चार-चांद लगा देंगे।

# सर्दियों में नहीं पी पा रहे पर्याप्त मात्रा में पानी तो अपनाएं ये 5 तरीके

सर्दियों के मौसम में ज्यादातर लोगों को डिहाइड्रेशन का सामना करना पड़ता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि ठंडे मौसम में लोग कम पानी पीते हैं जो हमारे शरीर के लिए ठीक नहीं है। सर्दियों में हमारे शरीर से पसीना नहीं आता है, इसलिए हाइड्रेटेड रहने के लिए हमें खुद को पानी पीने के लिए याद दिलाने की जरूरत पड़ती है। आज हम आपको सर्दियों में पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के पांच तरीके बताएंगे। जब हम एक्सरसाइज करते हैं तो शरीर अंदर का तापमान बनाए रखने के लिए पसीना छोड़ता है। इसके बाद हम ज्यादा पानी पीते हैं क्योंकि एक्सरसाइज करने के बाद हम थके हुए महसूस करते हैं और हमें ज्यादा प्यास लगती है। आप भी ऐसे मौसम में अपनी पसंदीदा एक्सरसाइज रोजाना करें और दिन में पर्याप्त पानी पिएं। इससे आप खुद को हाइडेट्र रखने में कामयाब होंगे। आप ठंडे मौसम में बाहर निकले बिना भी ये आसान एक्सरसाइज कर सकते हैं। चाहे कोई भी मौसम हो हमारे शरीर को ठीक से काम करने के लिए पर्याप्त पानी की जरूरत होती है, लेकिन सर्दियों के दौरान प्यास नहीं लगने पर भी हम सभी के लिए पानी पीना मुश्किल हो जाता है।

## प्रधानमंत्री को हुआ कोरोना, कुछ दिन लोगों से मिलना-जुलना बंद

**कैनबरा ,एजेंसी।** बेशक दुनिया के कई देशों में कोरोना केस कम होते जा रहे हैं लेकिन अभी भी कुछ देशों में कोरोना अपने शिकार बना रहा है। आज खबर आई कि अस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस को कोरोना हो गया है। इस बात की जानकारी सोमवार को उन्होंने दी। सोशल मीडिया पर उन्होंने ट्वीट किया कि वह खुद को सबसे अलग रखेंगे और कोरोना के सभी नियमों का पालन करेंगे। उन्होंने आगे लिखा कि वह घर से काम करना जारी रखेंगे। अब लोगों से मिलना कुछ दिनों के लिए बंद हो जाएगा। हालांकि वीडियो कांफ्रेंसिंग से मीटिंगें जारी रखी जाएंगी। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया कि आज दोपहर मेरा नियमित पीसीआर परीक्षण हुआ, जिसका कोविड-19 के लिए सकारात्मक परिणाम आया है। मैं सबसे अलग रह रहा हूं और घर से काम करना जारी रखूंगा। अगर भारत की बात करें तो देशवासियों के लिए राहत भरी खबर यह है कि पिछले 24 घंटों में कोरोना महामारी के संक्रमण किसी मरीज की मौत नहीं हुई है, जिससे मृतकों की संख्या 5,30,630 पर स्थिर है और मृत्युदर 1.19 फीसदी है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 219.94 करोड़ से अधिक टीके दिये जा चुके हैं। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 95 सक्रिय मामले कम होने से इनकी संख्या घटकर 4,434 रह गयी है। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के संक्रमण से 319 लोगों के मुक्त होने से कुल संख्या बढ़कर 4,41,38,554 हो गयी है। देश में स्वस्थ होने की दर 98.80 प्रतिशत है। सक्रिय मामलों की दर 0.1 प्रतिशत है।

## कनाडा में सिख लड़की का गोली मारकर कत्ल, टारगेट किलिंग की आशंका

**टोरंटो ,एजेंसी।** कनाडा में 21 साल की कनाडाई सिख लड़की का गोली मारकर कत्ल कर दिया गया। इस वारदात को गैस स्टेशन के बाहर अंजाम दिया गया। रात 10रू40 बजे क्रैडिटव्यू-ब्रिटेनिया रोड्स इलाके में पैट्रो कनाडा गैस स्टेशन पर परमप्रीत कौर नामक लड़की को हमलावरों ने 1 से ज्यादा गोलियां मारी गईं।पील रीजनल पुलिस के अधिकारी के मुताबिक घायल अवस्था में लड़की को अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। इस वारदात को टारगेट किलिंग से जोड़कर देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले भी सरी के एक हाई स्कूल की पार्किंग में 18 साल की भारतीय मूल की सिख स्टूडेंट महकप्रीत सेठी को तेजधार हथियार से कत्ल कर दिया गया था।

## कीव में होगी आज से तीन अन्य क्षेत्रों में अनुसूचित बिजली कटौती

कीव ,एजेंसी। सोमवार से कीव और निप्रपेट्रोस, डोनेट्स्क और ओडेसा के तीन अन्य क्षेत्रों में निर्धारित बिजली कटौती होगी क्योंकि अधिकारी पूरे यूक्रेन में बिजली कटौती को स्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं। रविवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में, यूक्रेन की सबसे बड़ी ऊर्जा कंपनी डीटीईके ने कहा, 5 दिसंबर से, हम निर्धारित बिजली आउटेज पर लौट रहे हैं। हालांकि, ऊर्जा प्रणाली के साथ स्थिति गंभीर बनी हुई है।इस कारण से, हम सभी से अनुरोध करते हैं कि ऊर्जा प्रणाली को स्थिर करने के लिए हो सकने वाले शेड्यूल से संभावित विचलन का सहन करें। हम यह सुनिश्चित करने के लिए सब कुछ कर रहे हैं कि जितना संभव हो उतनी कम बिजली कटौती हो।लाखों यूक्रेनियन देश के महत्वपूर्ण ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर बार-बार रूसी हमलों के बाद बिजली कटौती का सामना कर रहे हैं।

### चीन के वुहान लैब में काम कर चुके वैज्ञानिक ने किया चौंकाने वाला खुलासा, कहा

# इंसान ने बनाया है कोरोना वायरस

नई दिल्ली, एजेंसी। चीन के वुहान में एक विवादास्पद अनुसंधान प्रयोगशाला में काम करने वाले अमेरिका के एक वैज्ञानिक ने एक आश्चर्यजनक रहस्योद्घाटन किया है, जिसमें कहा गया है कि कोविड-19 एक मानव निर्मित वायरस है, जो लैब से लीक हुआ है। न्यूयार्क पोस्ट ने ब्रिटिश अखबार द सन में अमेरिका स्थित शोधकर्ता एंड्रयू हफ के बयान के हवाले से बताया कि दो साल पहले वुहान इंस्टीट्यूट अफ वायरोलाजी से कोविड लीक हुआ था, जो एक राज्य द्वारा संचालित और वित्त पोषित अनुसंधान सुविधा है।



महामारी विज्ञानी हफ ने अपनी नई किताब द ट्रुथ अबाउट वुहान में दावा किया है कि महामारी अमेरिकी सरकार द्वारा चीन में कोरोनावायरस के वित्तपोषण के कारण हुई थी। हफ की किताब के कुछ अंश ब्रिटेन के टैबलयड द सन में प्रकाशित हुए हैं। न्यूयार्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, हफ इकोहेल्थ एलायंस के पूर्व उपाध्यक्ष हैं, जो न्यूयार्क में स्थित एक गैर-लाभकारी संगठन है, जो संक्रामक रोगों का अध्ययन करता है।

हफ ने अपनी पुस्तक में दावा किया है कि चीन के गेन-अफ-फंक्शन प्रयोग अपर्याप्त सुरक्षा के साथ किए गए, जिसके परिणामस्वरूप वुहान लैब में रिसाव हुआ। वुहान लैब की उत्पत्ति पर गरमागरम बहस का केंद्र रहा है। चीनी सरकार के अधिकारियों और लैब कर्मचारियों दोनों ने इस बात से इनकार किया है कि वायरस की उत्पत्ति वहीं हुई है। एंड्रयू हफ ने अपनी पुस्तक में कहा, विदेशी प्रयोगशालाओं में उचित जैव सुरक्षा, जैव सुरक्षा और जोखिम प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त नियंत्रण उपाय नहीं थे, जिसके परिणामस्वरूप वुहान इंस्टीट्यूट अफ वायरोलजी में प्रयोगशाला रिसाव हुआ।

एक दशक से अधिक समय से, संगठन राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच) से वित्त पोषण के साथ चमगादड़ों में कई कोरोनावायरस का अध्ययन कर रहा है और वुहान लैब से घनिष्ठ संबंध बना चुका है। एनआईएच बायोमेडिकल और सार्वजनिक स्वास्थ्य अनुसंधान के लिए जिम्मेदार संयुक्त राज्य सरकार की प्राथमिक एजेंसी है। हफ, जिन्होंने 2014 से 2016 तक इकोहेल्थ एलायंस में काम किया, ने कहा कि गैर-लाभकारी संस्था ने अन्य प्रजातियों पर हमला करने के लिए इंजीनियर बैट कोरोनविर्यूज के सर्वोत्तम मौजूदा तरीकों को विकसित करने में कई वर्षों तक वुहान लैब की सहायता की।

हफ ने लिखा, चीन पहले दिन से जानता था कि यह आनुवंशिक रूप से इंजीनियर एजेंट है।

न्यूयार्क पोस्ट के अनुसार, उन्होंने द सन को बताया, अमेरिकी सरकार चीन को खतरनाक जैव प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण के लिए दोषी है। मैंने जो देखा, उससे मैं डर गया।

## मस्जिद में नमाज अदा कर रहे लोगों पर ताबड़तोड़ फायरिंग, इमाम सहित 12 की मौत

**अबुजा ,एजेंसी।** बड़ी खबर नाइजीरिया से है। यहां कि एक मस्जिद में कुछ हमलावरों ने नमाज अदा कर रहे लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। इस हमले में इमाम समेत 12 लोगों की मौत हो गई है। वहीं स्थानीय निवासियों की तरफ से बताया जा रहा है के मस्जिद से कई अन्य लोगों का अपहरण भी किया गया है। बंदूकधारियों ने इस घटना को अंजाम दिया। सशस्त्र गिरोह, जिन्हें डाकुओं के रूप में जाना जाता है। ये उन इलाकों में लोगों पर हमला करते हैं जहां सुरक्षा सख्त और कड़ी होती है। ये गिरोह सिर्फ गोलीबारी या हमला करने तक सीमित नहीं है। ये फिरौती की लालच में लोगों का अपहरण तक कर लेते हैं।

सशस्त्र गिरोह यह मांग करता है कि ग्रामीण लोगों को प्रोटेक्शन फीस का भुगतान करना होगा ताकि उन्हें खेती करने और अपनी फसल काटने की इजाजत मिल सके। रयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति मुहम्मदु बुहारी के गृह राज्य कैटसिना के फुनटुआ के रहने वाले लवल हारुना ने बताया कि हमलावर मोटरबाइक से आए थे और एकाएक बंदूक के साथ मैगामजी मस्जिद में घुस गए, जहां लोग नमाज अदा कर रहे थे।

## जी-20 का नेतृत्व प्रत्येक भारतीयों के लिए गौरव का विषय : रमन सिंह

**नई दिल्ली , एजेंसी ।** भारतीय जनता पार्टी की दो दिवसीय राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ बैठक में जेपी नड्डा की अध्यक्षता में नरेंद्र मोदी ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि दो दिवसीय बैठक में विभिन्न विषयों पर प्रधानमंत्री और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चर्चा की और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की किस तरह की तैयारी होगी इस पर पार्टी पदाधिकारियों के साथ चर्चा की गई ।

रमन सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मुख्य रूप से बूथ सशक्तीकरण का मुख्य लक्ष्य है। रमन सिंह ने कहा कि बैठक में प्रेरणादायक विषयों पर चर्चा हुई और कोविड-19 के समय किस तरह से पूरा विश्व परेशान था और उस समय केंद्र की भाजपा सरकार ने उन लोगों की मदद की उस पर चर्चा की गई। रमन सिंह ने कहा कि जी-20 का नेतृत्व प्रत्येक भारतीयों के लिए गौरव का विषय है और इसे देश के प्रत्येक नागरिक को खुश होना चाहिए कि भारत को जी-20 का नेतृत्व करने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मौका मिला। रमन सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक भारत श्रेष्ठ भारत को लेकर आगे चल रहा है और पार्टी का यह लक्ष्य है कि भारतवर्ष की लाखों वर्ष पहले की संसति जो चलती आ रही है उसे सच्चे मन से आगे बढ़ाते हुए देश किस तरह से प्रगति करें इस विषय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। रमन सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और केंद्र की सरकार गांव के सुदूर और खासकर बर्डर के इलाक वाले गांव को मुख्यधारा से कैसे जुड़ा जाए इस पर भी पाटले अधिकारियों की बैठक में मुख्य रूप से चर्चा किया गया। रमन सिंह ने कहा कि देशभर में अगल-अगल राज्यों में चुनाव हो रहे हैं और कल दिल्ली में नगर निगम चुनाव थे और आज गुजरात में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान जारी है इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2024 लोकसभा की तैयारियों पर चर्चा भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ बैठक में मुख्य विषय रहेगा। बैठक में लोकसभा चुनाव के साथ अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव पर भी चर्चा की जाएगी। रमन सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय पदाधिकारियों के अलावा पार्टी की प्रदेश इकाइयों के अध्यक्ष और महासचिव भी शिरकत कर रहे है। बैठक की अध्यक्षता भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे। बैठक में पार्टी की भविष्य की रणनीति पर विचार-विमर्श होगा।

## सड़क हादसे में चार श्रद्धालुओं की मौत

**अमरावती ,एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के बापटला जिले में सोमवार को एक सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। दुर्घटना वेमुरु मंडल के जांपनी गांव के पास उस समय हुई, जब एक मिनी ट्रक पलट गया, जिसमें श्रद्धालु यात्रा कर रहे थे। घायलों को तेनाली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीडिघ्त ष्णा जिले के अयप्पा भक्त थे।

मृतकों की पहचान पशम रमेश (55), बी पांडुरंगा राव (40), बी पवन कुमार (25) और बोदिना रमेश (42) के रूप में हुई है। पीडिघ्त केरल में सबरीमाला के दर्शन कर घर लौट रहे थे। सुबह तेनाली रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद, वे ष्णा जिले में अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए टाटा ऐस में सवार हो गए।

पुलिस ने कहा कि तेज गति और क्षेत्र में घने कोहरे के कारण वाहन चालक ने जाहिर तौर पर नियंत्रण खो दिया।

## चलते-चलते आई छींक तो सड़क पर गिरा युवक, पल भर में हो गई मौत

**मेरठ ,एजेंसी।** मेरठ के थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र किदवई नगर में रहने वाले एक युवक का सीसीटीवी वीडियो तेजी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल 18 वर्षीय जुबैर की मौत छींक आने से ही हो गई। जी हां यह वीडियो वायरल हो रही है। जो कि 2 दिसंबर 2022 की है। दोस्तों के साथ पैदल जा रहा एक युवक जुबैर छींक आने के बाद सड़क पर गिर पड़ा। दोस्तों ने उसे अस्पताल पहुंचाया लेकिन डक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

जुबैर (18) अहमदनगर गली नंबर-2 का रहने वाला था। वह कांच के पुल क्षेत्र में एक डक्टर के पास कंपाउंडर का काम करता था। वह दसवीं कक्षा में पढ़ रहा था। वीडियो में दिख रहा है कि जुबैर अपने साथियों उमर और अरहम के साथ दो दिसंबर की रात करीब 11 बजे घूमने के लिए निकला था। इस दौरान जुबैर को अचानक छींक आती है। छींकने के बाद वह तीन से चार कदम चलता है और बेसुध होकर सड़क पर गिर जाता है। साथियों ने जुबैर को उठाने का प्रयास किया, लेकिन वह बेहोश था। साथियों ने आसपास के लोगों को बुलाया। बाइक से उसे अस्पताल लाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। जुबैर के मामा मतीन ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।पूरी घटना गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसे पुलिस ने कब्जे में लिया है। माना जा रहा है कि दिल का दौरा पडने के कारण मौत हुई है।सीओ कोतवाली अमित राय का कहना है कि जुबैर के परिजनों से बात हुई है।

## सिलीगुड़ी में पुनर्निर्मित सिक्किम रेस्ट हाउस का उद्घाटन

**गंगटोक ,एजेंसी।** उत्तर पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में सिक्किम सरकार द्वारा पुनर्निर्मित सिक्किम रेस्ट हाउस का रविवार को राज्य के परिवहन मंत्री एमएन शेरपा ने उद्घाटन किया।

इस मौके पर शेरपा ने कहा कि विश्राम गृह के नौ में से आठ कमरे आम लोगों को न्यूनतम दर पर उपलब्ध कराये जायेंगे। उन्होंने कहा कि इलाज के लिए सिक्किम से आने वाले और सिलीगुड़ी होते हुए अन्य जगहों पर रेफर किये जाने वाले मरीजों के परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें आवास की व्यवस्था करने के लिए भारी भुगतान करना पड़ता है। इस समस्या को देखते हुए सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा सरकार ने सिलीगुड़ी में सिक्किम राष्ट्रीयत परिवहन (एसएनटी) कार्यालय के परिसर में मौजूदा विश्राम गृह का पुनर्निर्माण किया है।उन्होंने बताया कि 2006 में बना विश्राम गृह पिछले साल जीर्ण-शीर्ण था।

## राहुल की भारत जोड़ों यात्रा राजस्थान में शुरु

**झालावाड़ ,एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की राजस्थान में पहले दिन की यात्रा आज सुबह झालावाड़ जिले के कालीतलाई से शुरू हुई।यात्रा के रात्रि विश्राम के बाद गांधी ने जिले में रायपुर के समीप काली तलाई से सुबह करीब छह बजे अपनी यात्रा शुरू की। यात्रा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, सैनिक कल्याण राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा, पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह , विधायक ष्णा पूनियां एवं दिव्या मदेरणा एवं कई पार्टी पदाधिकारी उनके साथ कदम ताल मिलाते हुए चले।यात्रा के रास्ते में जगह-जगह राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का स्वागत करने के लिये सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े और यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान राहुल गांधी ने लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार किया।यात्रा झालरापाटन के बालीबोरडा चौराह पहुंच गई हैं और यहां दोपहर का भोजन होगा और इसके बाद झालरापाटन के नाहरड़ी के लिए रवाना होगी।इससे पहले यात्रा के शुरु होने के बाद राहुल गांधी झालरापाटन के रायपुर फाटक के पास स्थित एक ढाबे पर चाय पीने के लिए रुके। इसके बाद यात्रा झालरापाटन के बालीबोरड़ा में विश्राम लिया है और यात्रा के पहले दिन के दूसरे चरण के लिए अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे आगे बढ़ेगी।

# रूस से ईयू का तेल आयात भारत से छह गुना

### 10 देशों की तुलना में खरीदा ज्यादा ईंधन: जयशंकर



**नई दिल्ली , एजेंसी।** जर्मनी की विदेश मंत्री दो एनालेना बेयरबक दिवसीय भारत दौर पर हैं। इस दौरान उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष ड.एस जयशंकर के साथ मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने एक साझा प्रेस कन्फ्रेंस की।

जयशंकर ने पिछले दो साल से जर्मन अधिकारियों के पास रह रही भारतीय बच्ची का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने रूस से तेल खरीदने के मुद्दे पर भी बात करते हुए कहा कि यूरोपीय संघ ने फरवरी से नवंबर तक रूस से दस देशों की तुलना में अधिक जीवाश्म ईंधन (फसिल फ्यूल) का आयात किया है।

उन्होंने कहा, अरिहा शाह नाम की एक बच्ची से जुड़ा मामला है। हमें चिंता है कि वह अपने भाषाई, धार्मिक, सांसतिक और सामाजिक परिवेश में होनी चाहिए। यह उसका अधिकार है। हमारा दूतावास जर्मन अधिकारियों के साथ इस पर काम कर रहा है। यह एक ऐसा विषय है जिसे मैंने मंत्रिस्तर पर भी उठाया था।

दरअसल, जर्मनी में रहने वाले गुजराती जोड़े को पिछले दो साल से अपनी ही बेटी से मिलने की अनुमति नहीं मिल रही है। बच्ची जर्मन प्रोटेक्शन अथरिटी के पास है। पहले उन्हें फिट टू बी पैरेंट्स सर्टिफिकेट लाने को कहा गया था। उन्होंने भारत सरकार से भी मामले में मदद की गुहार लगाई थी।

भावेश और धारा गुजरात के रहने वाले हैं। वह सफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में साल 2018 से राजधानी बर्लिन में जब कर रहे हैं। 2021 में बेटी का जन्म हुआ।

इसके बाद बिटिया के नाना-नानी भी अपनी नातिन से मिलने पहुंचे। एक दिन बच्ची के प्राइवेट पार्ट में किसी वजह से चोट लगी और खून बहने लगा। फिर धारा उसे स्थानीय अस्पताल ले गई। यहां डक्टर्स ने उनसे कहा कि बच्चों में इस तरह की चोट सामान्य है। फिर धारा बेटी को घर ले आईं।

लेकिन दूसरे दिन भी बच्ची की ब्लीडिंग नहीं रुकी तो वह उसे फिर अस्पताल लेकर पहुंची। अस्पताल के स्टाफ ने चाइल्ड प्रोटेक्शन टीम को इसकी जानकारी दी। अफसरों को पहली नजर में यह यौन उत्पीड़न का मामना लगा तो उन्होंने उसे इसी डिपार्टमेंट के हवाले कर दिया। इसके बाद जांच में यौन उत्पीड़न की भी बात साबित नहीं हुई। जांच में यह बात साबित न होने पर भी जोड़े को बच्ची को नहीं सौंपा गया।

उनसे यह सबाति करने के लिए कहा गया कि वे बच्ची को पालने के काबिल हैं। उन्हें फिट टू बी पेरेंट्स सर्टिफिकेट लाने को कहा गया। पति-पत्नी इस सर्टिफिकेट को हासिल करने के लिए लीगल अथरिटी के कई सेशन अटेंड कर चुके हैं, लेकिन इसकी प्रक्रिया अब भी जारी है।

विदेश मंत्री ने कहा, यूरोपीय संघ ने फरवरी से नवंबर तक रूस से अगले दस देशों की तुलना में अधिक जीवाश्म ईंधन (फसिल फ्यूल) का आयात किया है। यूरोपीय संघ का तेल आयात भारत के तेल आयात से छह गुना ज्यादा है। गैस का आयात भी काफी है, हम इसका आयात नहीं करते हैं।

प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, मैं आपसे इन आंकड़ों को देखने का आग्रह करूंगा। रूस फसिल फ्यूल ट्रैकरश नाम की एक वेबसाइट है जो आपको हर देश का डेटा देगी कि वास्तव में कौन क्या आयात कर रहा है।

## देशभर में किसानों को 22 करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किया गया : नरेंद्र सिंह तोमर

**नई दिल्ली , एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में टिकाऊ खेती के लिए मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन पर राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ केंद्रीय ऋषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने किया। इस मौके पर तोमर ने कहा कि रासायनिक खेती व अन्य कारणों से मिट्टी की उर्वरा शक्ति का क्षरण हो रहा है, जलवायु परिवर्तन का दौर भी है, ये परिस्थितियां देश के साथ ही दुनिया को चिंतित करने वाली है। विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस दिशा में चिंतित है। तोमर ने कहा कि भारत सरकार मृदा स्वास्थ्य कार्ड के माध्यम से भी काम कर रही है। दो चरणों में 22 करोड़ से अधिक मृदा स्वास्थ्य कार्ड देशभर में किसानों को वितरित किए गए हैं। नरेंद्र मोदी विकास के लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।आजादी के अमृत महोत्सव व विश्व मृदा दिवस के उपलक्ष में नीति आयोग द्वारा फेडरल मिनिस्ट्री फार इकानामिक कोआपरेशन एंड डेवलपमेंट (बीएमजेड), जर्मनी से सम्बद्ध जीआईजेड के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि तोमर ने कहा कि मिट्टी में जैविक कार्बन की कमी होना हम सबके लिए बहुत गंभीर बात है। बेहतर मृदा स्वास्थ्य की गंभीर चुनौती से निपटने के लिए हमें प्रातिक खेती को बढ़ावा देना होगा, जो पर्यावरणीय दृष्टि से उपयुक्त है। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार, राज्यों के सहयोग से तेजी से काम कर रही है। सरकार ने भारतीय प्रातिक षि पद्धति खेती को फिर से अपनाया है। ये विधा हमारी पुरातनकालीन है, हम प्रति के साथ तालमेल करने वाले लोग रहे हैं। आंध्र प्रदेश, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु आदि राज्यों ने प्रातिक खेती को बढ़ावा देने के लिए अनेक नवाचार किए है। बीते सालभर में 17 राज्यों में 4.78 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र प्रातिक खेती के अंतर्गत लाया गया है। प्रातिक खेती को बढ़ावा देने हेतु केंद्र सरकार ने 1584 करोड़ रुपये के खर्च से प्रातिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन को पृथक योजना के रूप में मंजूरी दी है।

नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत गंगा किनारे भी प्रातिक खेती का प्रकल्प चल रहा है, वहीं भारतीय षि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) तथा सभी षि विज्ञान केंद्र (केवीके) केंद्रीय-राज्य षि विश्वविद्यालय, महाविद्यालय प्रातिक खेती को बढ़ावा देने के लिए चौतरफा कोशिश कर रहे हैं। मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन योजना के तहत सरकार द्वारा अवसंरचना विकास भी किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न प्रकार की मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित करने का प्रावधान है। अब तक 499 स्थायी मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं, 113 मोबाइल मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं, 8811 मिनी मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं और 2395 ग्रामस्तरीय सइल टेस्टिंग प्रयोगशालाएं स्थापित की गई है। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब नीतियां उत्पादन केंद्रित थी व रासायनिक खेती के कारण षि उपज में वृद्धि हुई, लेकिन वह तब की परिस्थितियां थी, अब स्थितियां बदल गई है, जलवायु परिवर्तन की चुनौती भी सामने है व मृदा स्वास्थ्य अक्षुण्ण रखना बड़ी चुनौती है। प्रति के सिद्धांतों के विपरीत धरती का शोषण करने की कोशिश की गई तो परिणाम खतरनाक हो सकते हैं।


## नाबालिग का अश्लील वीडियो बनाने व रेप के आरोप में गिरफ्तार

**बिजनौर ,एजेंसी।** बिजनौर जिले में थाना किरतपुर पुलिस ने रविवार को एक व्यक्ति को 15 वर्षीय नाबालिग लड़की का बलात्कार और अश्लील वीडियो बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान नसरुद्दीन पुत्र इलियास निवासी बसेड़ा गांव के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक शनिवार को नाबालिग लड़की के पिता ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी लड़की अपने घर से पशुओं का चारा लेने जंगल जा रही थी, तभी आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर उसे पकड़ लिया और दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया व उसका अश्लील वीडियो बना लिया। विरोध पर लड़की को जान से मारने और वीडियो वायरल करने की धमकी दी।पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि पीडिघ्ता के पिता की शिकायत पर शनिवार को एक प्राथमिकी दर्ज की है।

## स्पेशल बच्चों के प्रति अपनी जिम्मेदारियां निभाना जरुरी : मलिक्का नड्डा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड डिसेबिलिटी डे के अवसर पर स्पेशल ओलंपिक के सौजन्य से नेशनल गैलरी मार्डन आर्ट में 75 स्पेशल बच्चों के साथ आर्ट क्राफ्ट का काम दिखाया गया। इस कार्यक्रम में इन बच्चों ने कई तरह के आर्ट के काम का प्रदर्शन किया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि भारत लगातार स्पेशल ओलंपिक में बेहतर काम कर रहा है, सरकार और समाजिक कार्यकर्ता लगातार स्पेशल बच्चों की बेहतरी के लिए काम कर रहे हैं। ड. मल्लिका नड्डा जैसे व्यक्तित्व इस क्षेत्र में लंबे समय से काम कर रही हैं। इसी वजह से स्पेशल ओलंपिक में भी भारतीय खिलाडियों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। इस मौके पर स्पेशल ओलंपिक की चेयरपर्सन ड. मल्लिका नड्डा ने कहा कि देश में बड़ी संख्या में इस तरह के स्पेशल चाइल्ड है, लेकिन बहुत बार हम इन बच्चों के प्रति संवेदनशील नहीं होते, हमें जरुरत है कि इन बच्चों के प्रति संवेदनशील रहें। साथ ही इन बच्चों को इनके जीवनयापन के लिए इन्हें कुछ काम भी सिखाएं। उन्होंने कहा कि हम लंबे समय से कोशिश कर रहे हैं कि स्पेशल बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोडना आवश्यक है। जरुरत इस बात की है कि इन बच्चों को समान अवसर मिले, उन्होंने कहा कि मेरा सभी देशवासियों से निवेदन है कि वो सभी दिवांग्यजनों को समान दृष्टि से देखें और इन्हें समान अवसर प्रदान करें। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक मुकेश शुक्ला ने कहा कि संसार में कोई सब कुछ करने में सक्षम नहीं हो सकता तो फिर कुछ विशेष लोगों को अक्षम कहने का अधिकार किसी को नहीं हो सकता है ।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ 4—1 से सीरीज जीती



एडिलेड ,भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की हॉकी टेस्ट सीरीज का अंतिम मुकाबला एडिलेड में खेला गया। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 4–5 के अंतर से हराकर पांच मैच की सीरीज में 4–1 से अपने नाम कर लिया। वर्ल्ड कप से पहले भारतीय हॉकी टीम का ऐसा प्रदर्शन चिंता का विषय है। सीरीज के हालांकि दो मैच बेहद करीबी रहे। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल के बावजूद टीम को अंतिम मैच में हार का सामना करना पड़ा। भारत ने शुरुआती दो मैच 4–5 और 4–7 से गंवाने के बार तीसरा मैच 4–3 से जीता था। चौथे मैच में भारतीय टीम को 1–5 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

जनवरी में होने वाले आगामी एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर–राउरकेला की तैयारी के मद्देनजर पांच मैचों की यह सीरीज भारतीय टीम के लिए महत्वपूर्ण है। जिसमें भारत केवल एक मैच में जीत दर्ज कर सका। रविवार को हुए मैच में टॉम विकहैम ने दूसरे और 17वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया के लिए दो गोल दागे जबकि एरेन जेलवस्की 30वें मिनट में , जेकब एंडरसन ने 40वें मिनट और जेक वेटन ने 54वें मिनट में मेजबान टीम पर एक–एक गोल किया। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 24वें और 60वें मिनट में टीम के लिए गोल दागे, जबकि अमित रोहिदास ने 34वें मिनट और सुखजीत सिंह ने 55वें मिनट में एक–एक गोल दागा।

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे मिनट की शुरुआत में ही बढ़त बना ली थी। आस्ट्रेलिया के उप–कप्तान अरन ज़ाल्वेस्की ने भारतीय डिफेंस के बीच टॉम विकम को सर्कल के अंदर पाया और बाद उसे गेंद पास की टॉम ने जोरदार शॉट लगाया जिसका भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश से कोई तोड़ नही था। भारत ने शुरूआती गोल के बाद टीम ने कई बार वापसी की जिससे उन्हें लगातार तीन पेनल्टी कार्नर मिले, लेकिन भारतीय टीम पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील नहीं कर सकी।ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे चर्टर में दो मिनट में अपनी बढ़त को दोगुना कर दिया। मिडफील्ड में जुगराज सिंह के फिसलने के बाद शार्प के हाथों में गेंद आयी और एक बार फिर टॉम विकम ने गोल में बदल दिया। लैकलेन शार्प ने मिडफील्ड से गेंद को अपने कब्जे में लिया और भारत के कुछ डिफेंडरों को छकाते हुए गेंद को विकहैम के पास पहुंचाया जिन्हें सिर्फ भारत के गोलकीपर पीआर श्रीजेश को छकाना था और उन्होंने इसमें कोई गलती नहीं की।ऑस्ट्रेलिया को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन रिजर्व गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक ने जेरेमी हेवर्ड के प्रयासों को नाकाम कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि जेलवस्की की बदौलत हाफ टाइम से ठीक पहले 3–1 की बढ़त हासिल कर ली। मध्यांतर के बाद भारत ने आक्रमक शुरुआत की और रोहिदास के गोल से स्कोर 2–3 कर दिया। कुछ मिनटों बाद श्रीजेश ने शार्प के हमले को नाकाम किया। ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि दबाव बनाए रखा और 40वें मिनट में एंडरसन ने डेनियल बील के पास पर गोल दाग दिया।

# भारत ने 11 साल बाद बनाई विश्व कॉर्फबाल चैंपियनशिप में जगह



बैंकॉक , भारतीय कोर्फ़्बॉल टीम ने एशिया ओशिनिया चैंपियनशिप 2022 में पांचवां स्थान हासिल करके विश्व चैंपियनशिप के लिए 11 साल बाद चलीफाई कर लिया है। भारत ने आईकेएफ एशिया–ओशिनिया कोर्फ़्बॉल चैंपियनशिप के अपने आखिरी मैच में जापान को 12–10 से हराया।भारत की चैंपियनशिप में शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्हें ऑस्ट्रेलिया के हाथों 18–8 की हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद हालांकि टीम ने वापसी करते हुए जापान (15–10) और मेज़बान थाईलैंड (16–9) को शिकस्त दी। चीनी ताइपे से 11–36 से हारने के बाद भारत ने इंडोनेशिया को 25–8 से हराकर विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया।अंतरराष्ट्रीय कॉर्फबॉल संघ (आइकेएफ) के सौजन्य से आयोजित विश्व चैंपियनशिप ताइपे में 20 से 29 अक्टूबर 2023 तक खेली जाएगी। भारत 11 साल बाद विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा लेगा, जबकि इससे पहले उसने 2011 में इस टूर्नामेंट में जगह बनाई थी।

# एक मैच में बने 5 वर्ल्ड रिकॉर्ड, हमेशा के लिए यादगार हो गया रावलपिंडी टेस्ट



नई दिल्ली, इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच रावलपिंडी में खेला गया टेस्ट मैच हमेशा के लिए यादगार हो गया। इस टेस्ट मैच में इंग्लैंड के अप्रोच को लेकर तो तारीफ हो ही रही है, साथ में इसे वन ऑफ द ग्रेट टेस्ट मैच की संज्ञा भी दी जा रही है। इंग्लैंड ने दूसरी पारी केवल 264 रन बनाकर घोषित कर दी थी। मैच की बात करें तो पाकिस्तान को जीत के लिए 343 रन की दरकार थी, लेकिन इंग्लैंड के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के 17 साल बाद घर पर इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट जीतने के सपने को तोड़ दिया। इस मैच में एक दो नहीं बल्कि 5–5 वर्ल्ड रिकॉर्ड बने, जिसने इसे हमेशा के लिए यादगार बना दिया।

रावलपिंडी टेस्ट में बने 5 वर्ल्ड रिकॉर्ड

एक दिन में सर्वाधिक रन का रिकॉर्ड– इंग्लैंड टीम ने बैजबॉल का नमूना पेश करते हुए एक दिन में 500 से ज्यादा का स्कोर खड़ा करने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

एक दिन में बने चार शतक– पहले दिन न केवल सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड की टीम ने बनाया बल्कि उसके चार बल्लेबाजों ने शतक लगाया। ऐसा पहली बार हुआ जब एक ही दिन में किसी टीम के चार बल्लेबाज ने शतक जड़ा हो।

मैच में बने कुल 1,768 रन– पूरे मैच की बात करें तो इसमें दोनों टीमों की तरफ से कुल 1,768 रन बने जो अब तक का सर्वाधिक है। इससे पहले 2004 में टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुए टेस्ट मैच में 1747 रन बने थे।

हैरी ब्रुक की वर्ल्ड रिकॉर्ड पारी– इस मैच में इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रुक ने 181 गेंद पर 240 रन की पारी खेली। किसी बल्लेबाज द्वारा 200 रन इस स्ट्राइक से पहली बार बनाया गया।

### अंडर–19 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का एलान, शेफाली वर्मा को मिली कमान

नई दिल्ली, ऑल इंडिया वुमेन सेलेक्शन कमेटी ने आगामी अंडर–19 वर्ल्ड कप और साउथ अफ्रीका के खिलाफ बाइलेटरल ळ20 सीरीज के लिए टीम का एलान कर दिया है। इस सेलेक्शन की सबसे खास बात है कि भारतीय महिला टीम की ओपनिंग बल्लेबाज शेफाली वर्मा को टीम की कमान सौंपी गई है।आइसीसी अंडर–19 महिला वर्ल्ड टी20 कप कप का पहला एडिशन 16 टीम के बीच होगा। साउथ अफ्रीका में होने वाला यह वर्ल्ड कप 14–29 जनवरी के बीच खेला जाएगा। टीम इंडिया को ग्रुप डी में रखा गया है।

**वर्ल्ड कप का फॉर्मेट**

भारतीय टीम की बात करें तो उसे साउथ अफ्रीका, यूएई और स्कॉटलैंड के साथ ग्रुप डी में रखा गया है। हर ग्रुप की टॉप थ्री टीम सुपर सिक्स राउंड में प्रवेश करेगी, जहां दोनों को दो ग्रुपों में बांटा जाएगा। हर ग्रुप की टॉप 2 टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी जो 27 जनवरी को जेबी मार्क्स ओवल में खेला जाएगा।

# राहुल की गलती टीम इंडिया को पड़ी भारी

मीरपुर , बंगलादेश ने मीरपुर के शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम में पहले एकदिवसीय मैच (वनडे) में मेहदी हसन की दमदार बल्लेबाजी के बदौलत रोमांचक मुकाबले में भारत को एक विकट से हरा दिया। इसी के साथ बांग्लादेश टीम ने सीरीज में 1–0 की बढ़त बना ली है। सीरीज का दूसरा मुकाबला 7 दिसंबर को ढाका में खेला जाएगा। केएल राहुल ने मेहदी हसन मिराज का आसान सा कैच छोड़ा था। इसके बाद ही नंबर–8 पर बैटिंग करने आए मेहदी हसन ने नाबाद 38 रन बनाते हुए मैच जिताया।

यदि राहुल यह कैच लेते तो बांग्लादेश ऑलआउट हो जाती और टीम इंडिया यह मैच आसानी से जीत सकती थी। इस दूसरे वनडे मुकाबले में भारतीय टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही फ्लॉप रही है। भारत के 186 के लक्ष्य के बाद मेजबान टीम की हालांकि पारी की शुरुआत अच्छी नहीं और भारतीय तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने पहले ओवर की





पहली ही गेंद पर नजमुल हुसैन शांतो को बिना खाता खोल पवेलियन भेजा दिया था।

## फिल्मी गपशप

# 2 जनवरी से सोनी टीवी पर शुरू होगा शार्क टैंक इंडिया 2 का दूसरा सीजन




सोनी टीवी के बिजनेस रियलिटी शो शार्क टैंक इंडिया को खूब लोकप्रिय मिली थी। पिछले साल इस शो ने दर्शकों के साथ–साथ निवेशकों का भी ध्यान खींचा था। अब मेकर्स ने इसके दूसरे सीजन के प्रीमियर की तारीख का ऐलान कर दिया है। शार्क टैंक इंडिया 2 का प्रसारण अगले साल 2 जनवरी से सोनी टीवी पर शुरू होगा। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक प्रोमो शेयर करते हुए शो के प्रीमियर की तारीख बताई है।सोनी लिव ने इंस्टाग्राम पर शो का प्रोमो शेयर किया है। स्ट्रीमिंग कंपनी ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, अब पूरा इंडिया बिजनेस की सही वैल्यू समझेगा! शार्क टैंक इंडिया का दूसरा सीजन 2 जनवरी से रात 10 बजे सोनी लिव और सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर शुरू होगा। प्रोमो में एक मां–बेटे और माली को दिखाया गया है जो बिजनेस और रेवेन्यू के बारे में बातचीत कर रहे हैं। शार्क टैंक शो के जरिए एंटरप्रेन्योर्स को बढावा दिया जाता है। इस शो में शुगर कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को–फाउंडर विनीता सिंह, लेंसकार्ट के सीईओ और फाउंडर पीयूष बंसल, एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स की एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर नमिता थापर, शादी डॉट कॉम के फाउंडर अनुपम मित्तल, बोट के को–फाउंडर और चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अमन गुप्ता और कार देखो के सीईओ और को–फाउंडर अमित जैन दिखाई देंगे। ये सभी मिलकर बिजनेस के नई आइडियाज में निवेश की संभावना तलाशेंगे। इस सीजन में अशनीर ग्रोवर नहीं दिखने वाले हैं। उन्हें अमित जैन ने रिप्लेस किया है। पिछले सीजन में जज पैनल में अशनीर ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। उनके अंदाज को लोगों ने बेहद पसंद किया था। पहले सीजन में नजर आईं गजल अलघ भी इस सीजन का हिस्सा नहीं हैं। शार्क टैंक इंडिया का पहला सीजन दिसंबर, 2021 में शुरू हुआ था और फरवरी, 2022 तक इसका प्रसारण चला था।

शो के इस सीजन की होस्टिंग स्टैंड–अप कॉमेडियन राहुल दुआ करेंगे। पहले सीजन को अभिनेता रणविजय सिंघा ने होस्ट किया था। हाल ही में जब शो का प्रोमो जारी हुआ था तो लोगों ने शो में अनीस की वापसी को लेकर सोशल मीडिया पर मुहिम छेड़ दी थी। शार्क टैंक मूल रूप से एक अमेरिकी बिजनेस रियलिटी शो है। इसे 2009 में पहली बार मार्क बर्नेट ने बनाया था। कई देशों में शो का रीमेक बनाया जा चुका है। शार्क टैंक इंडिया 2 दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन के शो कौन बनेगा करोड़पति 14 को रिप्लेस करेगा और इसके समय पर इस शो का प्रसारण किया जाएगा। केबीसी 14 का प्रसारण इस साल 7 अगस्त को शुरू हुआ था।

# एक्स बिग बॉस कंटेस्टेंट मधुरिमा तुली बनीं जॉन अब्राहम की हीरोइन!

बिग बॉस 13 की पॉपुलर कंटेस्टेंट और मशहूर एक्ट्रेस मधुरिमा तुली जल्द ही बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं. मधुरिमा तुली एक लंबे समय से स्क्रीन से गायब थीं. लगभग बिग बॉस 13 के बाद से ही मधुरिमा स्क्रीन पर दिखाई नहीं दे रही थीं. एक लंबे ब्रेक के बाद मधुरिमा तुली अब बॉलीवुड के हैंडसम हंक जॉन अब्राहम के साथ वह स्क्रीन शेयर करती दिखाई देंगी. मधुरिमा तुली ने इस बात की जानकारी खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए दी है.मधुरिमा तुली फिल्म तेहरान में जॉन अब्राहम की ऑन–स्क्रीन पत्नी का किरादर निभाती दिखाई देंगी. मधुरिमा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए फैंस के लिए सोशल मीडिया का पोस्ट लिखकर





सभी का शुक्रिया किया है. एक्ट्रेस ने फोटो के साथ लिखा, इस नए प्रोजेक्ट को आप सभी के साथ शेयर करने के लिए बहुत एक्साइटेड और धन्य हूं. मुझे फिल्म में मौका देने के लिए माड्डुकफिलम का भी शुक्रिया.रिपोर्ट्स के मुताबिक तेहरान फिल्म एक एक्शन थ्रिलर होने वाली है. इस फिल्म में सत्य पर आधारित घटनाओं को दिखाया जाएगा. बता दें हाल ही में जॉन अब्राहम ने इस फिल्म का टीजर रिलीज किया था. एक्टर इस फिल्म में खूब सारा एक्शन और इंटेंस लुक देते नजर आउंगी.

## उत्कर्ष शर्मा ने ली गदर 2 के लिए पाकरर की ट्रेनिंग



फिल्म निर्देशक अनिल शर्मा के बेटे और अभिनेता उत्कर्ष शर्मा ने सनी देओल और अमीषा पटेल अभिनीत अपनी आगामी फिल्म गदर 2 के लिए पाकरर (दौडक़र या चढक़र या छलांग लगाकर बाधाओं को पार करने का एथलेटिक खेल) के बारे में बात की। गदर 2 2001 में आई फिल्म गदरः एक प्रेम कथा का सीक्वल है, जिसमें उत्कर्ष ने सनी और अमीषा के ऑन–स्क्रीन किरदारों के बेटे की भूमिका निभाई थी। अब, अभिनेता फिर से फिल्म में वापस आ गए है और कुछ एक्शन सीन करते हुए दिखाई देगें।वह कहते हैं, जहां गदर को अभी भी शानदार प्रदर्शन, प्रभावशाली संवादों और मधुर संगीत के अलावा इसके दिमाग को उड़ाने वाले और वास्तविक एक्शन ध्श्यों के लिए याद किया जाता है, वहीं दूसरे भाग में कुछ लुभावने एक्शन ध्श्यों को भी दिखाया जाएगा, जिन्हें दर्शकों ने पहले बड़ी स्क्रीन पर नहीं देखा होगा।उत्कर्ष को अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो, अपने, जीनियस और कई अन्य में भी देखा गया था।गदर 2 में सनी देओल के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, सनी सर एक खुद एक संस्थान हैं और अपार प्रतिभा, समर्पण, ईमानदारी, अनुशासन का एक सागर हैं और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वह एक महान इंसान हैं। मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे सनी सर के साथ पुराने दिनों को फिर से जीने का मौका मिला और उनके साथ काम करने की यादें हमेशा मेरे साथ रहेंगी।

# सलमान खान ने पूरी की किसी का भाई किसी की जान की शूटिंग, शेयर की तस्वीर

सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान लंबे समय से चर्चा में है। फिल्म काफी समय से कभी अपनी स्टारकास्ट में बदलाव को लेकर तो कभी नाम को लेकर सुर्खियों में है। हाल ही में फिल्म की रिलीज डेट को भी आगे बढ़ाया गया था। सलमान फिल्म का अपना लुक और टीजर भी जारी कर चुके हैं। अब सलमान ने सेट से नई तस्वीर जारी करते हुए फिल्म की शूटिंग पूरी होने की खबर दी है।

सलमान ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के सेट से एक तस्वीर शेयर की है जिसमें वह लंबे बालों के साथ ब्लैक शेड्स में नजर आ रहे हैं। बैकग्राउंड आर्टिस्ट्स को देखकर लगता है कि यह किसी गाने की शूटिंग की तस्वीर है। इसके साथ सलमान ने सूचना दी कि शूटिंग खत्म हुई। किसी का भाई किसी की जान ईद 2023 पर आएगी। सलमान के पोस्ट पर उनके प्रशंसक अपनी उत्सुकता जाहिर कर रहे हैं।



सलमान की इस फिल्म में कई नए चेहरे दिखाई देंगे जिसके कारण फिल्म ने खूब सुर्खियां बटोरी हैं। बिग बॉस स्टार शहनाज गिल इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। अभिनेत्री श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी भी इस फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखेंगी। इस फिल्म में बिग बॉस के चर्चित कंटेस्टेंट अब्दु रोजिक भी नजर आने वाले हैं। फिल्म में भूमिका चावला और भाग्यश्री के होने की भी चर्चा है।

फिल्म की शुरुआत कभी ईद कभी दिवाली नाम से हुई थी। बाद में यह भाईजान नाम से जानी जाने लगी। आखिर में सलमान ने घोषणा की कि उनकी फिल्म का नाम किसी का भाई किसी की जान है। फिल्म की शुरुआत अरशद वारसी और श्रेयस तलपड़े के साथ की गई थी। बाद में दोनों फिल्म से बाहर हो गए और इसमें आयुष शर्मा और जहीर इकबाल की एंट्री हुई। हालांकि, इन कलाकारों ने भी फिल्म छोड़ दी।

पहले अगले साल ईद पर सलमान की फिल्म टाइगर 3 आने वाली थी। अब उसे इस फिल्म से रिप्लेस कर दिया गया। अक्सर ईद पर सलमान की फिल्में रिलीज होती हैं।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com